RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर




"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 102 , मंगलवार, 26 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर मोतिहारी में वॉल पेंटिंग अभियान तेज, शहर को सुंदर ... 03



किसानों, खेत मजदूरों और नौजवानों का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन 04

श्रेयस तलपड़े-काजल अग्रवाल की फिल्म द इंडिया स्टोरी का ऐलान... 07

## संक्षिप्त समाचार

### 11 दिन में चौथी बार बढ़े दाम

- महंगाई बढ़ने की आशंका, विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेल कंपनियों ने 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।

**पीएम मोदी पारले बिस्किट-चॉकलेट के विज्ञापनों में बिजी: खरगे** - कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मंगलवार को दिल्ली पहुंचकर पार्टी नेतृत्व से मुलाकात करने की खबरों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस मसले पर अंतिम टिप्पणी राहुल गांधी करेंगे। हालांकि उन्होंने केंद्र सरकार को पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा ।खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पारले बिस्किट और चॉकलेट के विज्ञापनों और प्रचार में ज्यादा व्यस्त हैं, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने को लेकर गंभीर नजर नहीं आते।

**राजस्थान में अमेरिकी डेलीगेशन**

### जयपुर में रूबियो ने देखा ऐतिहासिक आमेर किला, भारत की शाही विरासत से हुए हैरान

**जयपुर (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार दोपहर राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने पत्नी जीनेट रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ ऐतिहासिक आमेर किला का दौरा किया। जयपुर पहुंचने के बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सीधे आमेर किले पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच रुबियो और उनकी पत्नी ने किले के कई हिस्सों का भ्रमण किया और



राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। आमेर किला राजस्थान के सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में गिना जाता है। अरावली की पहाड़ियों पर स्थित यह किला अपनी भव्य राजपूत वास्तुकला, विशाल दरवाजों, नक्काशीदार दीवारों और शाही महलों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। आमेर किला भारतीय और मुगल स्थापत्य शैली का अद्भुत संगम माना जाता है। लाल बलुआ पत्थर और संगमरमर से बने इस किले में राजसी वैभव की झलक साफ दिखाई देती है।

### टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के घर पुलिस की छापामारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर पुलिस की टीम ने छापामारी की है। पुलिस ने अभिषेक बनर्जी के घर से मॉनिटर समेत कई चीजें जब्त की हैं और उन्हें अपने साथ लेकर चली गई। अभिषेक बनर्जी का घर 188-ए हरीश मुखर्जी रोड पर स्थित है। 25 मई को कोलकाता पुलिस टीम अभिषेक बनर्जी के घर पर पहुंची और मॉनिटर समेत कई सामान लेकर चली गई। इस मामले में बताया जा रहा है कि कोलकाता नगर निगम की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया गया था।

# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान

- हेमा मालिनी को अवॉर्ड लेते देख फफक पड़ीं बेटी अहाना
- महिला क्रिकेट की वर्ल्ड चैंपियन हरमनप्रीत को पद्मश्री मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेंद्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस-सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया। जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था।साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।



- **के. पजनीवेल ने जमीन पर लेटकर पीएम मोदी को प्रणाम किया**- के. पजनीवेल को पारंपरिक मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने जमीन पर लेटकर पीएम मोदी को प्रणाम किया।
- **वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र पंत को पद्मश्री**- वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र पंत को देश भर में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया।
- **पद्म विभूषण से 5 दिग्गज सम्मानित**- इस साल पद्म विभूषण से पांच लोगों को सम्मानित किया गया है। धर्मेंद्र के अलावा, दूसरे क्षेत्रों में दिग्गजों को ये अवॉर्ड दिया गया है। इसके अलावा, मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। सिनेमा और संगीत में उनके योगदान के लिए ममूटी और अलका याग्निक को पद्म भूषण से नवाजा गया ।वहीं, प्रोसेनजीत चटर्जी, आर माधवन और दिवंगत अभिनेता सतीश शाह को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। एक्टर अनिल रस्तोगी भी इस वर्ष पद्म श्री पुरस्कार पाने वालों में शामिल थे।

**शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण**- झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

**रोहित शर्मा-हरमनप्रीत कौर को मिला पद्म श्री अवॉर्ड**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 2026 के पहले पद्म अवॉर्ड्स दिए। दरअसल, सरकार ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को 131 पद्म पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोमवार के पहले फेज में 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। जिन हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया है, उनमें अभिनेता आर माधवन, क्रिकेटर रोहित शर्मा, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया के अलावा पैरा एथलीट प्रवीण कुमार शामिल हैं। खास बात यह है कि पद्म पुरस्कार विजेताओं में 19 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ ही 16 ऐसी हस्तियां हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए गए हैं।

- नीट पेपर लीक केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त ,कहा-

## एनटीए ने अब तक सबक नहीं सीखा, सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- यह दुखद है कि एनटीए ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच सोमवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए), यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा,यह मामला 2024 में भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनटीए गुरुवार तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। साथ ही केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा है।

- **कुत्तों के मामले पर सीएम मान के बयान को लेकर सुनवाई से साफ इनकार**- सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि शीर्ष अदालत ने आवारा कुत्तों को मारने की ''खुली छूट'' दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई का अनुरोध करने वाले वकील से कहा कि अगर कोई मुख्यमंत्री इस तरह का बयान देता है तो क्या इसका मतलब यह है कि हमें अपना आदेश बदलना चाहिए? वकील ने बताया कि आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के 19 मई के आदेश के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर ट्वीट किया था कि शीर्ष अदालत ने ''आवारा कुत्तों को मारने की खुली छूट दे दी है।

**एक्ट्रेस ट्विशा केस**

## रिटायर्ड जज सास को हाईकोर्ट का नोटिस

**जबलपुर/भोपाल/दिल्ली (एजेंसी)।** एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आरोपी सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस राज्य सरकार और ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की उस याचिका पर जारी हुआ, जिसमें ट्रायल कोर्ट से मिली गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत का विरोध किया गया है।

सोमवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा



कि गिरिबाला जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। वहीं, गिरिबाला सिंह के वकील मृगेंद्र सिंह ने कहा- यह कहना गलत है कि हम जांच में सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। हमें पिटीशन के दस्तावेज नहीं मिले हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

वहीं भोपाल जिला कोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह मामले की सुनवाई मंगलवार तक के लिए टाल दी है। पुलिस प्रतिवेदन नहीं मिलने के कारण सुनवाई स्थगित की गई। कोर्ट ने पुलिस को कल तक प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## गुलमर्ग के आसमान में सैकड़ों पर्यटकों की अटकीं रहीं सांसें

**केबल कार सेवा में आई तकनीकी खराबी, सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया**



**जम्मू(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में तकनीकी खराबी के कारण केबल कार सेवा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। इस बीच सैकड़ों पर्यटक बीच हवा में फंस गए थे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार गुलमर्ग गोंडोला की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए थे। बताया जा रहा है सभी पर्यटकों को सुरक्षित रुप से निकाला जा रहा था।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार सभी गोंडोला केबिन सुरक्षित हैं और फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है।

तकनीकी खराबी के कारण गुलमर्ग गोंडोला की केबल कार सेवा अस्थायी रूप से रोक दिए जाने के बाद सरकार स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।सभी केबिन सुरक्षित हैं और फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रशिक्षित टीमें मौके पर बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। बताया जा रहा है कि करीब 300 लोग सवार थे।

### यूपी में पहली बार पंचायत चुनाव तक प्रधान रहेंगे प्रशासक

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में पंचायत चुनाव होने तक ग्राम प्रधान ही प्रशासक रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दे दी है। प्रदेश में पहली



बार प्रशासनिक समिति बनाई जाएगी। मतलब- पंचायत चुनाव तक गांवों के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मौजूदा प्रधानों के पास ही रहेगी। पंचायती राज विभाग आज, सोमवार देर शाम तक इसका आदेश जारी कर देगा। यूपी की सभी 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल मंगलवार (26 मई) को खत्म हो रहा है।

## ट्रम्प ने मोदी को महान बताया, पीएम मेरे अच्छे दोस्त, मैं उनका बहुत बड़ा फैन

- भारत मुझ पर 100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना महान दोस्त बताया और कहा कि वे मोदी के बहुत बड़े फैन हैं। ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका पर 100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है।



अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में ट्रम्प ने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को फोन करके लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा-मुझे भारत से प्यार है। आपको (एम्बेसडर गोर) हमारे देश के प्रतिनिधि के तौर पर अच्छी स्पीच देनी होगी। मैं सबको गुड इवनिंग कहना चाहता हूं। मुझे प्रधानमंत्री से प्यार है। पीएम मोदी महान हैं, वह मेरे दोस्त हैं। मोदी को हैलो कहो। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। ट्रम्प ने कहा- हम पहले कभी इंडिया के इतने करीब नहीं रहे। अगर उन्हें कभी मदद की जरूरत पड़ी, तो उन्हें पता है कि कहां कॉल करना है। वे यहीं कॉल करते हैं।

## ऋषिकेश आई विदेशी महिला का खोया मोबाइल और बैग

- जब देहरादून पुलिस ने लौटाया तो लगा लिया गले!

**देहरादून (एजेंसी)।** 'देवभूमि' कहे जाने वाले उत्तराखंड में हर साल अच्छी संख्या में विदेशी पर्यटक घूमने आते हैं। जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उत्तराखंड पुलिस की होती है। हाल ही में इंटरनेट पर वायरल एक वीडियो में देहरादून पुलिस को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए देखा गया है। जिसमें वह विदेशी महिला को उसका खोया हुआ सामान लौटाते नजर आ रहे हैं। जिससे महिला भी बेहद खुश दिख रही है।



ऋषिकेश घूमने आई विदेशी महिला अपना मोबाइल, जरूरी डॉक्यूमेंट्स और पैसों से भरा बैग खो देती है। जरूरी डॉक्यूमेंट्स में उसका पासपोर्ट भी होता है, जिसका मिलना बेहद जरूरी होता है। साथ ही, भारत आने वाले विदेशी अक्सर कैश ही इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि वो पीआई को इतने अच्छे से एडॉप्ट नहीं कर पाते। ऐसे में अपना सामान खोने के बाद विदेशी महिला बेहद चिंतित होती है।

अपना मोबाइल और सामान वापस पाने के बाद विदेशी महिला इतनी खुश होती है कि वह पुलिस को अपने गले लगा लेती है। लेकिन पुलिसवाला किसी जेंटलमैन की तरह अपनी ड्यूटी पूरी करके मुस्कुराते हुए खड़ा रहता है। अपने बैग में पासपोर्ट पाकर महिला उसे सीने से लगा लेती है। फिर वो और उसका साथ पुलिस को शुक्रिया कहते हैं और अंत में पुलिस के साथ ढेर सारी तस्वीरें भी खिंचवाती है। लोग के कह रहे हैं ये है हमारा भारत।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में तीसरे दिन भी सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के ऑपरेशन आज तीसरे दिन भी जारी है। डोरी माल एनकाउंटर साइट पर सुबह से गोलीबारी और भारी धमाके शुरू हो गए हैं। आतंकियों को पूरी तरह खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों ने डोरी माल के इस घने जंगल वाले पूरे इलाके में घेराबंदी और मजबूत कर दी है। मौके पर सेना और अतिरिक्त सुरक्षा बल की टुकड़ियों को भेजा गया है। शनिवार को दोपहर सुरक्षाबलों और आतंकियों से मुठभेड़ हुई थी। जंगलों में 2-3 पाकिस्तानी आतंकियों के घिरे होने की खबर थी। तब से जंगल में सर्च ऑपरेशन जारी है।

## चीन बोला- भारत दलाई लामा उत्तराधिकारी मामले से दूर रहे

- यह हमारा आंतरिक मासला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल मंजूर नहीं



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के लिए चीन की केंद्रीय सरकार की मंजूरी जरूरी होती है और 14वें दलाई लामा को भी इसी प्रक्रिया के तहत मान्यता दी गई थी। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है।

### ओडिशा में बीजेडी को बड़ा झटका

**राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने पार्टी छोड़ी; भाजपा में होंगे शामिल**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजेडी) को बड़ा झटका देते हुए राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। लंबे समय से नवीन पटनायक के करीबी माने जाने वाले सामंतराय ने आरोप लगाया कि पार्टी में उन्हें व्यवस्थित तरीके से कमतर किया जा रहा था। देबाशीष सामंतराय ने पहले बीजेडी छोड़ने की घोषणा की। कुछ घंटे बाद संसद में राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर राज्यसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जल्द भाजपा में शामिल होने की घोषणा भी की।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद में 2 पक्षों में मारपीट, पट्टीदारों से हुआ था विवाद, 6 लोग घायल

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर प्रखंड की सादुल्लापुर चकधबौली पंचायत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। इस घटना में दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचायत समिति सदस्य अमरजीत कुमार ने इस मारपीट के लिए मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय को जिम्मेदार ठहराया है। अमरजीत कुमार का आरोप है कि यह विवाद उनके पट्टीदारों से हुआ था, लेकिन इसे राजनीतिक द्वेष के चलते मुखिया प्रतिनिधि ने करवाया है। मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई है और वे पिछले तीन महीने से बेड रेस्ट पर हैं। राय ने यह भी आरोप लगाया कि अमरजीत कुमार आगामी चुनाव में मुखिया पद के लिए दावेदारी करना चाहते हैं, इसलिए वे उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, अमरजीत कुमार के पट्टीदार रामबालक राय ने बताया कि अमरजीत कुमार अक्सर रास्ते को लेकर विवाद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरजीत उनके घर के पास गड्ढे खोदकर पानी भर देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। रामबालक राय ने यह भी दावा किया कि अमरजीत कुमार ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने अमरजीत पर रामप्रसाद राय के सिर पर फरसे से वार करने का भी आरोप लगाया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामप्रसाद राय ने इस बात की पुष्टि की कि विवाद जमीन से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि अमरजीत कुमार बेवजह राजनीतिक द्वेष के कारण मुखिया को बदनाम कर रहे हैं और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बड़े भाई की गला रेतकर हत्या, अस्पताल ले जाते ही मौत, मृतक नशे का आदी था, 6 बार जेल जा चुका था

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय आशुतोष कुमार के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका छोटा भाई अंकित कुमार है। यह घटना घटारो दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर एक में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक आशुतोष कुमार नशे का आदी था। वह इस संबंध में छह बार जेल भी जा चुका था। आशुतोष मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार और सदर एसडीपीओ 02 गोपाल मंडल अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने गंभीर हालत में आशुतोष को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



### ट्रेन से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी पकड़ी, हाजीपुर स्टेशन पर कस्टम विभाग ने 6.13 लाख की खेप जब्त

**हाजीपुर**। 24 मई 2026 को हाजीपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और कस्टम विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर पहुंची गाड़ी संख्या 20503 से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी जब्त की गई। सूचना के आधार पर, ट्रेन की VP बोगी संख्या SE203486 से इन पैकेजों को उतारा गया। इस दौरान ट्रेन के गार्ड श्री अखिलेश यादव और TPC पार्सल हाजीपुर के श्री धीरज कुमार मौजूद थे। पार्सल कार्यालय हाजीपुर में इन सभी 19 पैकेजों का वजन किया गया, जो कुल 1748 किलोग्राम निकला। कस्टम विभाग ने इसका मूल्य 351 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया, जिससे जब्त सुपारी की कुल अनुमानित कीमत 6,13,548 आंकी गई। कस्टम विभाग हाजीपुर के सुपरिटेंडेंट श्री बालमुकुंद यादव ने इस बरामदगी के संबंध में सीजर लिस्ट तैयार की। कस्टम अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी जब्त 19 पैकेज विदेशी सुपारी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कस्टम विभाग हाजीपुर के अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### डायल 112 पुलिस ने दिव्यांग युवक को पीटा, घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड, गाली देने से मना करने पर विवाद

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर बाजार में डायल 112 के पुलिसकर्मियों द्वारा एक दिव्यांग युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद वैशाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पिटाई का शिकार हुए 19 वर्षीय मनीष कुमार बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर दिलावरपुर गोवर्धन गांव निवासी सुबोध सिंह के पुत्र हैं। मनीष जन्म से ही दोनों हाथों और पैरों से दिव्यांग हैं। मनीष कुमार ने बताया कि बीते शाम करीब 5 बजे डायल 112 की टीम, जिसमें एक महिला और एक पुरुष कांस्टेबल शामिल थे, उनकी दुकान पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने दुकान मालिक के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उस समय दुकान में मालिक की पत्नी और कई ग्राहक भी मौजूद थे। मनीष के अनुसार, जब उन्होंने पुलिसकर्मियों को गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों कांस्टेबलों ने उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मनीष ने कहा कि उनका कोई कसूर नहीं था। उन्होंने बताया कि अपनी विकलांगता के बावजूद वे मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। चप्पल दुकानदार कालीचरण साह ने बताया कि पड़ोस के दुकानदार का एस्बेस्टस टूट जाने के बाद उसे बदलने को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद डायल 112 की पुलिस उनकी दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगी और विरोध करने पर उनके कर्मचारी (मनीष) के साथ मारपीट की।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अब 15 मिनट रुकेगी पवन एक्सप्रेस, लीची व्यापारियों को बड़ी राहत

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची के सीजन में पार्सल लोडिंग के दौरान होने वाली अफरातफरी और परेशानियों को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। रेल मंडल ने गाड़ी संख्या 11062/11061 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पवन एक्सप्रेस के मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ठहराव समय में 10 मिनट की अतिरिक्त अस्थायी बढ़ोतरी कर दी है। अब यह ट्रेन जंक्शन पर कुल 15 मिनट तक रुकेगी। दरअसल, पहले पवन एक्सप्रेस का मुजफ्फरपुर जंक्शन पर सिर्फ 5 मिनट का नियमित ठहराव था। इस कम समय में बड़ी मात्रा में शाही लीची के पार्सल को ट्रेन के पार्सल वैन में लोड करना काफी मुश्किल हो रहा था। कई बार ट्रेन खुल जाने के कारण लीची के कई पैकेज स्टेशन पर ही छूट जाते थे। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पार्सल कर्मियों को भी भारी दबाव का सामना करना पड़ता था। व्यापारियों की लगातार शिकायतों और पार्सल विभाग से मिले फीडबैक के बाद समस्तीपुर रेल मंडल प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद रेलवे ने त्वरित निर्णय लेते हुए पवन एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर 10 मिनट का अतिरिक्त अस्थायी ठहराव देने की मंजूरी दे दी। अब कुल 15 मिनट का समय मिलने से लीची पार्सल की लोडिंग व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से हो सकेगी। इस फैसले से लीची कारोबारियों में खुशी का माहौल है। व्यापारी ब्रजकिशोर शाह ने बताया कि पहले ट्रेन केवल 5 मिनट रुकती थी, जिसके कारण अधिक मात्रा में लीची लोड नहीं हो पाती थी। कई बार जल्दबाजी में पैकेज छूट जाते थे। अब समय बढ़ाकर 15 मिनट किए जाने से व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी और अधिक मात्रा में लीची सुरक्षित तरीके से भेजी जा सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से ट्रेन खुलने के दौरान प्लेटफॉर्म और पार्सल वैन के पास भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनेगी। साथ ही मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध शाही लीची समय पर और बिना नुकसान के देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंच सकेगी।

# ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो दोस्तों में एक की मौत

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा में रविवार देर रात एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिहटा-मनेर NH-30 मार्ग पर कोरहर गांव के पास नहर पुल के पास की है। मृतक की पहचान नेउरा थाना क्षेत्र के टिकैतपुर निवासी 28 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक 28 वर्षीय प्रमोद राय बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और 112 की टीम को सूचना दी। इलाज के लिए ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने छोटू कुमार को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद राय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।



**टक्कर के बाद दोनों दोस्त दूर जा गिरे**: जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना कोरहर पुल के पास उस समय हुई जब स्कूटी सवार युवक वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। परिवार के अनुसार दोनों दोस्त एक ही गांव के थे और स्कूटी से मनेर से बिहटा की ओर लौट रहे थे तब ही यह हादसा हो गया।

**दूसरे का चल रहा इलाज, मनेर से लौटते वक्त हादसा**

**ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर फरार**: बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि कोरहर पुल के पास 2 युवक सड़क हादसे में घायल हैं। पुलिस की टीम मौके पहुंची। दोनों को पहले अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा घायल था। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। फिलहाल घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

# पूर्व सीएम नीतीश ने की गंगा पूजा, पैतृक आवास भी गए

एजेंसी, पटना

गंगा दशहरा के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार आज बख्तियारपुर पहुंचे, जबकि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शाम की गंगा आरती में शामिल होंगे। नीतीश कुमार सुबह 10:30 बजे बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट पहुंचे। उन्होंने गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान स्थानीय प्रशासन अलर्ट पर रहा और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

सीढ़ी घाट पर गंगा पूजन के बाद, उन्होंने पास के राधे-कृष्ण मंदिर में भी पूजा की। इसके बाद नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी के स्मारक पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इन कार्यक्रमों के बाद, वे बख्तियारपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर कुछ समय रुके और फिर पटना के लिए रवाना हो गए।

**संध्या आरती के भंडारा भी होगा**: स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार का यह पहला बख्तियारपुर दौरा है। उनके आगमन को लेकर स्थानीय



**गंगा आरती में शामिल होंगे बेटे निशांत**

जनता और समर्थकों में भारी उत्साह है। मंत्री निशांत कुमार शाम को आयोजित होने वाली संध्या गंगा आरती में मुख्य रूप से शामिल होंगे। सीढ़ी घाट पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। संध्या आरती के समय भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इन आयोजनों को देखते हुए बख्तियारपुर नगर और सीढ़ी घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बिजली के पोल में लगी आग, 2 बाइक जली

एजेंसी, पटना

पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित मखनियाकुआं में सोमवार सुबह एक बिजली पोल में आग लग गई। शॉर्ट-सर्किट से हादसा हुआ। पास खड़ी 2 बाइक जलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गई। आग लगने के बाद आसपास के हॉस्टल और घरों को एहतियातन खाली कराया गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैल गईं और बिजली के तारों को अपनी चपेट में ले लिया। बिजली पोल के नजदीक स्थित हॉस्टल के छात्रों में भी भगदड़ मच गई, और आसपास के लोगों ने अपने सामान सुरक्षित स्थानों पर हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और अग्निशमन दस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर



काबू पाया जा सका। मौके पर मौजूद मुरादपुर मस्जिद के मौलाना अबरार अहमद सुबहानी ने बताया कि सुबह जब वे वहां से गुजर रहे थे, तभी बिजली पोल के तारों के टकराने से चिंगारी निकली और देखते ही देखते पूरे पोल में आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिलें भी जल गईं। पीरबहोर थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों ने बताया कि आग की तेज तपिश से एक-दो मकानों को हल्की क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि अग्निशमन की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंचतीं, तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

# झुलसे बच्चों की देखभाल के लिए पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी, दो शिफ्ट में की गई तैनाती

एजेंसी, पटना

पटना सिटी में शख्स ने अपने परिवार को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। जिसमें आरोपी समेत 3 की मौत हुई थी। वहीं आरोपी के पत्नी प्रिया उर्फ मोनी, दो बेटे सूरज (3) और आयुष (10) की स्थिति अभी नाजुक है। मासूम बच्चों का जिम्मा पटना पुलिस ने उठाई है। पुलिस ने अपने खर्च पर NMCH से अपोलो बर्न हॉस्पिटल में परिजनों की सहमति से शिफ्ट कराया गया है। 5 दिन से दोनों मासूम अपोलो बर्न हॉस्पिटल में एडमिट हैं। ड्यूटी में तैनात चौक थाना की महिला होमगार्ड कोमल ने बताया कि 2 शिफ्ट में यहां ड्यूटी लगाई गई है। रात और दिन दोनों दोनों शिफ्ट में एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। देखभाल का जिम्मा सौंपा गया है।

**इलाज के लिए 2.5 लाख रुपए का कंट्रिब्यूशन**: चौक थानेदार राजकिशोर सिंह और राजेश चौधरी की पहले पर पुलिसकर्मियों ने सैलरी से कंट्रिब्यूशन किया है। लगभग 2.5 लाख रुपए इलाज में दे चुके हैं और अभी भी पुलिसकर्मियों की ओर से कंट्रिब्यूशन जारी है। यहां



तक कि परिवार की तरह पुलिसकर्मी दीदी-भैया और अंकल बनकर केयर टेकर की भूमिका में हैं। समय से दवा, खाना और शौच वगैरह कराने की जिम्मा महिला पुलिसकर्मी दीदी संभाल रही हैं। बच्चे भी पुलिसकर्मियों के साथ घुल मिल गए हैं। अपनी मां से ज्यादा किसी भी जरूरत के लिए या परेशानी में पुलिस दीदी को याद कर रहे हैं।

**20 को हुई थी घटना**: दरअसल, पटना सिटी में 20 मई को को पहले पति ने पत्नी, बच्चों के साथ-साथ सास, ससुर को आग लगा दी थी। इस घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में मुख्य आरोपी कन्हैया कुमार, गोविंद अग्रवाल के पिता पुरुषोत्तम प्रसाद और उनकी मां नीलम देवी शामिल हैं। तीनों घायलों की मौत इलाज के दौरान हुई थी। घटना पत्नी से विवाद के चलते हुई थी। गोविंद अग्रवाल ने चौक थाने में कन्हैया कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना में घायल हुए गोविंद के दो बच्चे और उसकी पत्नी मोनी उर्फ प्रिया की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना राजा बाबू खाटू श्याम गली में हुई थी।

**कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थी**: पुलिस के अनुसार, मोनी ने 15 दिन पहले कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थी। बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार इसे लेकर नाराज था। बुधवार देर रात कन्हैया कुमार का अपनी पत्नी को लेकर गोविंद अग्रवाल के परिवार से विवाद हुआ था। आरोप है कि महिला का पहला पति और आरोपी कन्हैया कुमार अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। घर में घुसते ही उसने सभी के ऊपर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

# दवा माफिया रवि-गिरीश की तलाशी में छापेमारी, बाहर से आती थी खेप

एजेंसी, पटना

पटना पूर्वी इलाके में पुलिस सुखे नशे और इस धंधे से जुड़े माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को रामकृष्णा नगर इलाके के न्यू श्री राम ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया था। जिसकी कीमत बाजार में 95 लाख रुपए आंकी गई थी। इस मामले में रामकृष्णा नगर के ऋषि और सुपौल के अब्दुल्ला को पुलिस ने पकड़ा था। इनके पास और निशानदेही से 33500 एम्पुल नशीले इंजेक्शन और 4000 पीस प्रतिबंधित कप सिरप बरामद किए गए थे। इन दोनों ने पुलिस की पूछताछ में कदमकुआं के रवि और ट्रांसपोर्ट गोदाम के ऑनर गिरीश का नाम बताया था। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही है। आज भी पुलिस की ओर से उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

**रामकृष्णा नगर के गोदाम में स्टॉक होती थी खेप**: ऋषि और अब्दुल्ला ने पुलिस को बताया है कि दूसरे राज्यों से नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप की खेप मंगा कर रामकृष्णा नगर के गोदाम में बल्क में स्टॉक किए जाते थे। यहां से कार्टन में रखकर सीमांचल के सुपौल अररिया पूर्णिया समेत बॉर्डर इलाके में बस और निजी



♦ ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से मिले थे 95 लाख के नशीले इंजेक्शन-कफ सिरप

गाड़ियों के जरिए भेजे जाते थे। इसके अलावा राम कृष्ण नगर, चित्रगुप्त नगर, पत्रकार नगर, गोपालपुर, गौरीचक बहादुरपुर इलाके में अब्दुल्ला और उसके साथी कार्टून में रखकर ई-रिक्शा ऑटो से सप्लाई करते थे।

**स्पेशल टीम बनाई गई है**: पूर्वी इलाके में एसपी परिचय कुमार की ओर से एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जो सिर्फ सुख नशे के खिलाफ कार्रवाई में शामिल है। इसमें सभी यंग SHO को रखा गया है। पत्रकार नगर SHO सोनू कुमार, चित्रगुप्त नागर SHO शंकर झा, बहादुरपुर SHO शुभम झा, समेत अन्य पदाधिकारी है।

# अब मशीन से होगी मैनहोल की सफाई

एजेंसी, पटना

पटना में अब मैनहोल की सफाई स्कैवेंजर से करवाई जाएगी। इसके लिए 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे। हर अंचल में एक मैनहोल स्कैवेंजर रहेगा जो मैनहोल की सफाई मशीन से करेगा। सफाई कर्मचारियों को अब ज़हरीले सीवर के गड्ढों में उतरना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा 20 कंकरीट ब्रेकर भी मंगाए जाएंगे। GeM पोर्टल से इन मशीनों की खरीदारी होगी। ये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) भारत सरकार का एक आधिकारिक ऑनलाइन ई-कॉमर्स पोर्टल है।

**मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में लगे होंगे कैमरे और सेंसर**: मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में कैमरे और सेंसर लगे होते हैं जो मैनहोल के अंदर की स्थिति और हानिकारक गैसों का सटीक पता लगाते हैं। इसमें लगे रोबोटिक हाथ बिल्कुल इंसानी हाथों की तरह काम करते हैं और ठोस कचरे को आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। सीवर सफाई को आधुनिक बनाने की पहल के तहत, केरल भारत का पहला राज्य बना था जिसने मैनहोल की सफाई के लिए रोबोटिक तकनीक को अपनाया। अब छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और कर्नाटक के कई नगर निगमों में भी इन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

**20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी**: वहीं, मानसून से पहले पटना नगर निगम तैयारी में लगा हुआ है। 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी है। इसमें से 5 पाटलिपुत्र अंचल, 5 नूतन राजधानी, 3




♦ 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे, 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी

कंकड़बाग, 3 बांकीपुर, 2 अजीमाबाद और 2 पटना सिटी अंचल में रहेंगे। बीते दिनों हुई बारिश में पटना के कई इलाकों में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए थे। आमतौर पर पेड़ से संबंधित कोई भी काम वन विभाग करती है। मगर लोगों को परेशानी ना हो इसलिए नगर निगम की टीम भी जेसीबी के साथ इसे हटाने में लगी हुई थी। अगर ऐसी स्थिति फिर से आती है तो पटना नगर निगम दूसरे पर निर्भर न कर अपने मशीन के माध्यम से जल्दी काम सुनिश्चित करेगा।

# बैंक के पास कैश वैन लूटने आया अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

कदमकुआं थाना क्षेत्र के वैशाली गोलंबर के पास HDFC की शाखा से अपराधी पकड़ा गया है। पुलिस उसे पड़कर थाने ले गई है। टाउन डीएसपी 1 के नेतृत्व में शातिर से पूछताछ हो रही है। उसने पुलिस को बताया है कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए आए थे। कैश वैन लूटने की साजिश थी। इसके अलावा 2 और भी लोग इस घटना को मिलकर अंजाम देने वाले थे। दो लोग फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर दूसरे आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। टाउन डीएसपी 1 ने आरोपी के पकड़े जाने की पुष्टि की है।

अपराधी ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि प्लानिंग के तहत दोपहर में इस घटना को अंजाम देने वाले थे। क्योंकि अधिकतर लोग दोपहर में धूप




की वजह से सड़क पर नहीं होते हैं। सड़कें सुन होती हैं। घटना को अंजाम देने के बाद भागने में सहूलियत होती है। फिलहाल पुलिस पूछताछ के आधार पर इसकी पूरी बैकग्राउंड को खंगालने में जुटी है। बैंक के ठीक सामने कैश वैन आकर लगी थी। उसके बाद बॉक्स गार्ड लेकर जा रहे थे। उसी बॉक्स को अपराधी ने छीनने की कोशिश की। तब तक गार्ड ने हथियार तान दिए और लोगों ने उसे पकड़ लिया। अपराधी पिस्टल लेकर पहुंचा था। पुलिस ने उसके पास से हथियार बरामद किए हैं।

# बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचे कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बोले- अपराधियों को नहीं बख्शेगी सरकार

एजेंसी, मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में कृषि मंत्री ने सोमवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बिहार की खुशहाली, समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। वहीं पटना की हालिया घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कहा कि इसके लिए वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा मुसहरी प्रखंड स्थित राष्ट्रीय लीची अनुसंधान संस्थान में आयोजित लीची महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बाबा गरीबनाथ का दर्शन-पूजन



किया। पूजा के बाद उन्होंने 'बाबा गरीबनाथ की जय' के जयकारे भी लगाए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

**बिहार की खुशहाली की कामना**: मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि बाबा गरीबनाथ गरीबों का कल्याण करने वाले हैं। गंगा दशहरा और सोमवार के पावन

**पेट्रोल-डीजल कीमतों पर दिया बड़ा बयान**

अवसर पर उन्होंने बाबा से बिहार को अराजकता और विकारों से मुक्त करने की प्रार्थना की है।डबल इंजन की सरकार बिहार को लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है और सरकार जनता की सेवक बनकर काम कर रही है।

पटना में हुई हालिया घटना को लेकर पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने कहा कि जो भी अपराधी होगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बिहार सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर और कटिबद्ध है। डीजीपी स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है और महिलाओं के साथ गलत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत किसानों का देश है और यहां की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है। बिहार सरकार किसानों के हक और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की उपज, एग्री एसेट्स और कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इसके लिए सरकार नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले बदलावों का असर ईंधन की कीमतों पर पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### समकालीन अभियान में पूर्वी चंपारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 48 घंटे में 503 गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पुलिस उप-महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र बेतिया के निर्देश पर पूर्वी चंपारण जिले में 23 एवं 24 मई 2026 को विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कांडों एवं वारंट मामलों में व्यापक कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 48 घंटे में जिलेभर से कुल 503 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 437 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया है। अभियान के दौरान दर्ज कांडों में 302 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जबकि विभिन्न वारंट मामलों में 201 लोगों को पकड़ा गया। इसके अलावा 28 इश्तिहारों का तामिला कराया गया तथा 63 मामलों में कुर्की की कार्रवाई निष्पादित की गई। पुलिस प्रशासन ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आगे भी विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

### शिकारगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले का किया खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। शिकारगंज थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शिकारगंज थाना में हत्या के प्रयास का कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 23 मई 2026 को सूचना मिली कि गुड़िया कुमारी नामक महिला को उसके पति जगदीश मुखिया ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के दौरान महिला की आंख के पास गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। सूचना मिलते ही शिकारगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति जगदीश मुखिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पताही थाना क्षेत्र के छोटकी बलुआ गांव निवासी स्वर्गीय रामभरोस मुखिया के पुत्र जगदीश मुखिया के रूप में हुई है। इस मामले में शिकारगंज थाना कांड संख्या-95/26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। छापेमारी दल में चिरैया के पर्यवेक्षी पदाधिकारी सच्चिदानंद पाण्डेय, शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मुकेश कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रेम-प्रसंग में विवाद बना मौत की वजह, इंजीनियरिंग छात्रा आत्महत्या मामले में प्रेमी गिरफ्तार

- पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपी युवक दबोचा गया

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा आत्महत्या मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रेम-प्रसंग में चल रहे विवाद और ब्रेक-अप से आहत होकर छात्रा ने आत्मघाती कदम उठाया था। जानकारी के अनुसार विगत 21 मई 2026 को इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा रिम्मी कुमारी, पिता प्रदीप कुमार, लक्ष्मी चौक ब्रह्मपुरा, मुजफ्फरपुर निवासी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतका के पिता के आवेदन पर मुफस्सिल थाना कांड संख्या- 327/26 दर्ज कर पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर- 2 जितेश पाण्डेय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्यों के आधार पर मामले का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि मृतका का रॉबिन राजन के साथ प्रेम संबंध था। दोनों के बीच आपसी विवाद एवं ब्रेक-अप की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। आत्महत्या से पूर्व छात्रा ने आरोपी युवक को दोपहर 1:11 बजे "गुड बाय" का एक 'व्यू वन्स' संदेश भेजा था, जिसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रॉबिन राजन, पिता दिलीप कुमार सिंह, निवासी मुजफ्फरगंज, थाना हवेली खड़गपुर, जिला मुंगेर को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। पुलिस ने कहा कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कुंडवाचैनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में शराब के साथ दो वाहन जब्त

**स्कॉर्पियो और सेंट्रो कार बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार**

**बीएनएम @ कुंडवाचैनपुर**। थाना क्षेत्र के बरवा खुर्द स्थित टावर के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाली एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक स्कॉर्पियो एवं एक हुंडई सेंट्रो कार को जब्त किया गया, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब की खेप वाहनों के माध्यम से मोतिहारी की ओर ले जाई जा रही है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर बरवा खुर्द टावर के पास छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 48 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 585 लीटर देशी शराब बरामद की। साथ ही मौके से एक स्कॉर्पियो और एक हुंडई सेंट्रो कार को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रौशन कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा गांव निवासी गगनदेव प्रसाद यादव के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर शराब तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। इस छापेमारी दल में सिकरहना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार, घोड़ासहन के पर्यवेक्षी पुलिस निरीक्षक धनंजय कुमार निर्दोष, कुंडवाचैनपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रमेन्द्र कुमार, दीपनारायण पासवान, सहायक अवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुगौली में सामूहिक दुष्कर्म कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। सुगौली थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म एवं ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 24 मई 2026 की रात करीब एक बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि एक युवती घर से निकलकर सुगौली स्टेशन चली गई है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और युवती से पूछताछ की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 23 मई की रात करीब 11 बजे वह अपने एक परिचित से मिलने छोटा बंगरा सरेह गई थी। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और दोनों का वीडियो बना लिया। आरोप है कि वीडियो वायरल करने और ब्लैकमेल करने की धमकी देकर आरोपियों ने जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता के आवेदन पर 25 मई को सुगौली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर पांचों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटा बंगरा निवासी जपाल, सूरज कुमार, मोहन कुमार, फुलवरिया निवासी दिलीप कुमार तथा बहुअरवा निवासी रवि कुमार शामिल हैं। इस कार्रवाई में सदर-01 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर, सुगौली थानाध्यक्ष अनीष कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज, पुलिस अवर निरीक्षक अनुराग राज, बशिष्ठ कुमार, चौकीदार मो. समसे आलम एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## अजय पटेल हत्याकांड में फरार आरोपी असलम मियां पर 5 हजार का इनाम घोषित

बीएनएम @हरसिद्धि

**हरसिद्धि**। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठलोहियार दक्षिणी छतवनिया टोला निवासी युवक अजय पटेल हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी असलम मियां पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व अजय पटेल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ मिला था। शव की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका जताई गई थी। घटना की सूचना मिलते ही हरसिद्धि थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी और जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक का गांव की ही एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी एंगल को लेकर पुलिस ने जांच तेज की थी। अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रथम दृष्टया मामले को हत्या बताया था। आशंका जताई गई थी कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद शव को बथान में लाकर फंदे से लटका दिया गया। मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। इसी क्रम में हरसिद्धि थाना कांड संख्या-245/26, दिनांक 09 अप्रैल 2026 के फरार आरोपी असलम मियां, पिता ध्रुप मियां, निवासी मठलोहियार छतवनिया वार्ड संख्या-07, थाना हरसिद्धि पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि आरोपी की गिरफ्तारी अथवा उसके संबंध में सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बेतिया द्वारा योगापट्टी अंचल के पिपरहिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-4 सेमरी भवानीपुर निवासी अग्नि पीड़ित रामायण मुखिया को राहत सामग्री प्रदान की गई। राहत वितरण कार्यक्रम में रेड क्रॉस पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को आवश्यक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार एवं संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद ने बताया कि पीड़ित परिवार को बर्तन सेट, तिरपाल, बाल्टी सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में रेड क्रॉस संस्था पीड़ितों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। पदाधिकारियों ने कहा कि अग्निकांड जैसी घटनाएं परिवारों के लिए बेहद कठिन परिस्थिति उत्पन्न कर देती हैं। ऐसे समय में संस्था की ओर से दी गई यह सहायता पीड़ित परिवार के लिए संबल का कार्य करेगी। मौके पर रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य डॉ. श्याम चंद्र गुप्त, स्थानीय मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, वार्ड सदस्य अजय कुमार, शिक्षक महेश मौर्य, सहयोगी कृष्णा कुमार, मुकेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। राहत सामग्री मिलने पर पीड़ित परिवार ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नव निर्वाचित पैनल अधिवक्ताओं के साथ डीएलएसए सचिव की बैठक, विधिक जागरूकता पर दिया जोर

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने सोमवार को नव निर्वाचित पैनल अधिवक्ताओं के साथ अपने कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करना तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सचिव नितिन त्रिपाठी ने सभी पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करें। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, श्रमिकों एवं अन्य कमजोर वर्गों तक निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में "समाधान समारोह" के सफल आयोजन एवं मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान पर भी चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि आपसी समझौते से विवादों का त्वरित निपटारा समाज में सौहार्द और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत करता है। इसके अलावा बेहतर विधिक सहायता कार्यान्वयन, लाभार्थियों से समन्वय, मामलों की नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पैनल अधिवक्ताओं ने डीएलएसए के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा आमजन तक विधिक सहायता योजनाओं को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर मोतिहारी में वॉल पेंटिंग अभियान तेज, शहर को सुंदर बनाने में जुटा नगर निगम

**महापौर प्रीति कुमारी ने किया निरीक्षण, स्वच्छता व जनजागरूकता संदेशों से सज रहे सार्वजनिक स्थल**

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के तहत नगर निगम मोतिहारी द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, सरकारी भवनों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को आकर्षक चित्रकारी और सामाजिक संदेशों से सजाया जा रहा है। नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ आम नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त शहर एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाना है। वॉल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए महापौर प्रीति कुमारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर की पहचान उसकी स्वच्छता, सुंदरता एवं व्यवस्थित वातावरण से होती है और मोतिहारी को एक स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर के रूप में स्थापित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार यह कार्य नगर आयुक्त आशीष कुमार के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। निगम प्रशासन आधारभूत संरचना के विकास के साथ-साथ शहर के सांस्कृतिक एवं सौंदर्यात्मक विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। अधिकारियों का कहना है कि वॉल पेंटिंग जैसे कार्यों से शहर की सुंदरता बढ़ने के साथ लोगों में जागरूकता का भी व्यापक प्रसार होगा। महापौर प्रीति कुमारी ने नागरिकों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सौंदर्य को बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। नगर निगम मोतिहारी द्वारा आने वाले दिनों में भी शहर के विभिन्न हिस्सों में सौंदर्यीकरण एवं जन-जागरूकता से जुड़े कार्य लगातार जारी रखे जाएंगे, ताकि मोतिहारी को एक आधुनिक, स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

## रक्सौल अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने संभाला रामगढ़वा बीईओ का प्रभार



बीएनएम @ रामगढ़वा

रामगढ़वा। रक्सौल अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने सोमवार को रामगढ़वा प्रखंड में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। विभागीय निर्देश के बाद उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि प्रखंड में शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यालय कर्मियों को भी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यालयों में अनुशासन कायम रखने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह, अमित सिंह, राजकुमार प्रसाद, श्री निवास प्रसाद, धनंजय सिंह, तुफैल अहमद एवं सुमित कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## संग्रामपुर थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

बीएनएम @अरेराज



**अरेराज**। आगामी बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से संग्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहार को शांति के साथ मनाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुराग आनंद ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक खबरों या अफवाहों से दूर रहने का आग्रह किया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि प्रशासन क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने कहा कि बकरीद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे और क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों सहित संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले या हुड़दंग मचाने वाले तत्वों के खिलाफ कानूनन सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन को पूरी तरह सहयोग करने का भरोसा दिया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया पिंकू सिंह, रवि सिंह, मुनानी शर्मा,और अफरीदी आलम ने सामूहिक रूप से कहा कि संग्रामपुर में हमेशा से सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाए जाते रहे हैं और इस बार भी बकरीद का पर्व पूरी अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न होगा। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति और अमन-चैन बनाए रखने का संकल्प लिया।

## मधुबन पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी का किया खुलासा, दो मुख्य कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने शराब तस्करी के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई उत्पाद अधिनियम के मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 22/23 मई 2026 की रात गुप्त सूचना के आधार पर मधुबन एवं शिवहर बॉर्डर के समीप बंजरिया गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान अंग्रेजी ब्रांडेड शराब के 250 कार्टून बरामद किए गए, जिसकी कुल मात्रा करीब 2160 लीटर बताई गई है। मामले में मधुबन थाना कांड संख्या-195/26 दर्ज कर प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान प्राथमिकी अभियुक्त बिधानंद सहनी, अमरेंद्र उर्फ छोटू राय तथा अनिरुद्ध पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी गिरोह के मुख्य कारोबारी मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्ना भगत एवं नरेश कुशवाहा उर्फ नरेंद्र भगत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब की खेप हरियाणा के झज्जर से ट्रक के माध्यम से मंगाई जाती थी और बाद में छोटे शराब कारोबारियों को सप्लाई की जाती थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर संगठित शराब तस्करी गिरोह संचालित करते थे। गिरफ्तार मुन्ना कुशवाहा सिरौली गांव, थाना गड़हिया बाजार तथा नरेश कुशवाहा उर्फ नरेंद्र भगत मझाड़ गांव, थाना पकड़ीदयाल के निवासी बताए गए हैं। दोनों के खिलाफ पूर्व से कई उत्पाद अधिनियम के मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में मधुबन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, पुलिस अवर निरीक्षक अमरजीत कुमार, गड़हिया बाजार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है तथा गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री विद्यालय जिहुली में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण संपन्न



**बीएनएम @ पताही।** प्रखंड क्षेत्र के जिहुली पंचायत स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जिहुली में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 21 मई से शुरू हुए इस प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं को सह-शैक्षणिक एवं जीवनोपयोगी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य आकर्षण आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी टेंट निर्माण रहा। सप्तम वर्ग के छात्रों ने घरेलू सामानों की मदद से कम समय में मजबूत एवं आकर्षक टेंट तैयार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं ने कुकिंग प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक संतोष कुमार ने बच्चों को रोचक एवं प्रभावशाली तरीके से स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अनुशासन, आत्मनिर्भरता, टीम भावना तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा विपरीत परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक कार्य करने की कला विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण में शुभम कुमार, मिथलेश, प्रभात, मुन्ना, पवन, कृति, कोमल, श्रुति, वैभवी, रौशनी, श्वेता एवं प्रियांशु सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं।

### करवोला मैदान में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट बना आकर्षण का केंद्र

- थारू यादव के नेतृत्व में सफल आयोजन, हजारों दर्शकों की उमड़ी भीड़

**बीएनएम @ रामगढ़वा।** प्रखंड के मनोकामना सिद्ध कन्या माई मंदिर के समीप स्थित करवला मैदान में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फ्लड लाइट में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट को देखने के लिए प्रतिदिन हजारों दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी एवं खेल पदाधिकारी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक शिवनगर इनरवा मुखिया शिवचंद्र यादव के पुत्र थारू यादव हैं। उनके नेतृत्व में खेल महोत्सव का सफल संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य मुकेश पाण्डेय, प्रधानाचार्य सुधीर सिंह, सरपंच दीपक सिंह, पत्रकार प्रत्युष कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह एवं जय नारायण यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। चौके-छक्कों पर मैदान तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। शिक्षक अजित कुमार यादव ने कहा कि खेल अनुशासन, एकता और भाईचारे का माध्यम है। वहीं जिला परिषद प्रत्याशी मुकेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच मिलता है। आचार्य मुकेश पाण्डेय ने सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई देते हुए 26 मई को कन्या माई स्थान पर आयोजित गंगा दशहरा एवं हनुमान आराधना महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया। अंत में आयोजन समिति ने सभी दर्शकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### योगापट्टी में ज्वेलरी व्यवसायी से लूट, पुलिस कार्रवाई के दौरान हाथापाई

**बीएनएम @बेतिया।** योगापट्टी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात ज्वेलरी व्यवसायी से लूट की घटना सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं छापेमारी के दौरान पुलिस कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 24 मई 2026 की रात करीब 8:30 बजे योगापट्टी थाना क्षेत्र के मच्छरगावां निवासी ज्वेलरी व्यवसायी मोहन सोनी अपनी दुकान बंद कर फतेहपुर चौक से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनका पीछा किया और गाली देते हुए रुकने के लिए कहा। अपराधियों से भयभीत होकर मोहन सोनी अनियंत्रित होकर बाइक समेत गिर पड़े। इसी दौरान अपराधियों ने बाइक में टंगा झोला छीन लिया, जिसमें नगद रुपये एवं आभूषण रखे हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद व्यवसायी द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही योगापट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मामले के अनुसंधान के क्रम में एक पूर्व अपराधी के घर पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान परिजनों द्वारा पुलिस टीम के साथ हाथापाई किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में योगापट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ज्वेलरी व्यवसायी से हुई लूटकांड के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी एवं अनुसंधान जारी है।

### समकालीन अभियान में बेतिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 48 घंटे में 134 गिरफ्तार

**बीएनएम @ बेतिया।** पुलिस उप-महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र बेतिया के निर्देश पर 24 एवं 25 मई 2026 को जिलेभर में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न कांडों एवं वारंट मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बड़ी संख्या में अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बेतिया पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 48 घंटे में जिले में कुल 134 गिरफ्तारियां की गईं। गिरफ्तार सभी 134 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियान के दौरान दर्ज कांडों में 72 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जबकि वारंट मामलों में 62 लोगों को पकड़ा गया। इसके अलावा 58 इश्तिहारों का तामिला कराया गया तथा 11 मामलों में कुर्की की कार्रवाई निष्पादित की गई। पुलिस प्रशासन ने बताया कि अपराध नियंत्रण, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। बेतिया पुलिस ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।




# किसानों, खेत मजदूरों और नौजवानों का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन

बीएनएम @बेतिया



**बेतिया।** राज्यव्यापी आह्वान के तहत सोमवार को पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में किसानों, खेत मजदूरों और नौजवानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बिहार राज्य किसान सभा, बिहार स्टेट खेत मजदूर यूनियन और ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के संयुक्त बैनर तले निकाले गए आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन की शुरुआत बलिराम भवन से हुई। हाथों में झंडे-बैनर और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए जिला समाहरणालय पहुंचे, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शनकारियों ने सभी प्रकार के कृषि ऋण माफ करने, फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने तथा गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि लागत के अनुरूप मूल्य नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। नौजवानों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक पर भी आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और सरकार इस पर नियंत्रण करने में विफल रही है। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान मनरेगा में 200 दिन काम और सम्मानजनक मजदूरी देने की मांग उठाई गई। साथ ही गरीबों और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था हटाने का विरोध किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार गरीबों के रोजगार पर बुलडोजर चला रही है। सभा में बेतिया राज की भूमि पर वर्षों से बसे लोगों को मालिकाना हक देने तथा जनवरी 2024 को कट-ऑफ डेट घोषित करने की मांग की गई। किसानों ने रेल, सड़क एवं अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण पर उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई। शिक्षा और रेल सुविधा को लेकर भी प्रदर्शनकारियों ने आवाज बुलंद की। सभी प्रखंड मुख्यालयों में डिग्री कॉलेज खोलने तथा नरकटियागंज से पाटलिपुत्र तक दो जोड़ी नई ट्रेन चलाने की मांग की गई। सभा को जिला किसान सभा के सचिव राधामोहन यादव, अध्यक्ष अशोक मिश्र, खेत मजदूर यूनियन नेता सुबोध मुखिया, राजेंद्र साह, वीरन यादव, अच्छे लाल सहनी, नौजवान नेता तारिक अनवर, इदू अंसारी, ओम प्रकाश, मनोज साह, एटक प्रभारी ओम प्रकाश क्रांति, किसान नेता तारकेश्वर सहनी एवं मोहन यादव सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों, मजदूरों और युवाओं के मुद्दों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने जनहित की नीतियां लागू करने तथा आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

## आज गंगा दशहरा: रामगढ़वा के सिकरहना घाट पर उमड़ेगी आस्था की भीड़

**गंगा स्नान, दान और शिव उपासना का विशेष महत्व**

बीएनएम @रामगढ़वा



**रामगढ़वा।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के अवसर पर सोमवार को गंगा दशहरा श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रामगढ़वा के सिकरहना नदी घाट, सुगौली घाट तथा मोतिहारी के चंडीस्थान घाट पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करने से दस प्रकार के पापों का नाश होता है और व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है। आचार्य मुकेश पाण्डेय ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में माँ गंगा को केवल नदी नहीं, बल्कि मोक्षदायिनी लोकमाता का स्वरूप माना गया है। वेद-पुराणों के अनुसार आज ही के दिन माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए कठोर तपस्या की थी, जिसके बाद ब्रह्माजी के आदेश पर गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं। गंगा के प्रचंड वेग को भगवान शिव ने अपनी जटाओं में धारण कर धीरे-धीरे पृथ्वी पर प्रवाहित किया था। गंगाजल के स्पर्श से महाराज सगर के 60 हजार पुत्रों को मोक्ष प्राप्त हुआ, तभी से गंगा को भागीरथी भी कहा जाता है। आचार्य ने बताया कि 'दशहरा' का अर्थ दस पापों का नाश करने वाला होता है। इस दिन स्नान, जप, दान और शिव आराधना का विशेष महत्व है। श्रद्धालु गंगाजल से स्नान कर "ॐ नमः शिवाय" एवं "ॐ श्री गङ्गायै नमः" मंत्र का जप करते हैं तथा जल, अन्न और वस्त्र का दान करते हैं। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जल संरक्षण का भी संदेश देता है। माँ गंगा भारतीय संस्कृति और आध्यात्म की जीवनधारा हैं, इसलिए जल संरक्षण और नदियों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। माँ गंगा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें।

## बकरीद को लेकर तुरकौलिया थाना में शांति समिति की हुई बैठक

बीएनएम @तुरकौलिया



**तुरकौलिया।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को तुरकौलिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संपत कुमार ने की, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संतोष राज भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से उनके इलाके की स्थिति एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। बीडीओ संतोष राज ने सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांति एवं सद्भाव के साथ बकरीद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक संदेश फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बकरीद के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद लोगों ने भी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष विजय कुशवाहा, मुखिया रामजन्म पासवान, मुखिया अशरफ आलम, सरपंच मनोज प्रसाद, राजद नेता कामरुजम्मा, चंदन कुशवाहा, अनीश आलम, बद्री पासवान, शेख शोएब, मोहम्मद आजम, रसूल अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समकालीन अभियान में हत्या के प्रयास का आरोपी समेत 10 गिरफ्तार, हरसिद्धि पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बीएनएम @हरसिद्धि




**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत हरसिद्धि पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के एक आरोपी, तीन शराब कारोबारियों, दो कुर्की वारंटियों तथा चार एनबीडब्ल्यू वारंटियों समेत कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार हरसिद्धि थाना कांड संख्या 671/23 में हत्या के प्रयास मामले के आरोपी टेसू महतो उर्फ किशोर महतो, पिता देवलाल महतो, निवासी रानी छपरा को गिरफ्तार किया गया। वहीं बिहार मद्य निषेध अधिनियम के अलग-अलग मामलों में वांछित शराब कारोबारी हरेंद्र साह निवासी सरैया पैठानपट्टी, अरुण कुमार निवासी भादा तथा मोहन बिंद निवासी चड़रहिया को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा टीआर संख्या 316/13 के कुर्की वारंटी चम्पा देवी एवं भगवतीया देवी, दोनों निवासी गुड्डुपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं टीआर संख्या 782/26 के वारंटी सुरेश साह, विश्वनाथ साह एवं शिला देवी, सभी निवासी मठ लोहियार तथा टीआर संख्या 1179/24 के वारंटी अहमद मियां निवासी मानिकपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत फरार अभियुक्तों, शराब कारोबारियों एवं वारंटियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराध और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## चनपटिया लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



बीएनएम @बेतिया

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले की चनपटिया पुलिस ने लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से नगद रुपये, मोबाइल, घड़ी, चाकू, मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 23 मई 2026 को नरकटियागंज पुरानी बाजार निवासी रमेश कुमार उर्फ मनोज कुमार जायसवाल ने चनपटिया थाना में आवेदन देकर बताया था कि जियो पेट्रोल पंप बेतिया से दो अज्ञात युवक उन्हें मोटरसाइकिल पर बैठाकर नरकटियागंज ले जाने के बहाने निकले। कैथवलिया बरवाचाप पुलिया के समीप सुनसान स्थान पर ले जाकर दोनों ने चाकू दिखाकर मारपीट की और 10 हजार रुपये नगद, टाइटन कंपनी की घड़ी तथा दो मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मामले में चनपटिया थाना कांड संख्या-197/26 दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने मझौलिया थाना क्षेत्र के खुटिया विशंभरपुर निवासी दिलू महतो एवं खुटिया इंदु वार्ड संख्या-03 निवासी चंदन पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच हजार रुपये नगद, टाइटन कंपनी की घड़ी, पांच मोबाइल फोन, एक चाकू, घटना के समय पहना गया टी-शर्ट तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दिलू महतो का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बलथर, कुमारबाग, बेतिया नगर एवं मझौलिया थाना में कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार, सदर अंचल पुलिस निरीक्षक मिथिलेश कुमार, मझौलिया थानाध्यक्ष अमर कुमार, चनपटिया थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित जिला आसूचना इकाई एवं पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## अरेराज में 'सात निश्चय-3' के तहत जन-सुनवाई, एसडीपीओ ने मौके पर किया कई मामलों का निष्पादन

बीएनएम @अरेराज




**अरेराज।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के तहत सोमवार को अरेराज अनुमंडल कार्यालय में विशेष जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "सबका सम्मान – जीवन आसान" संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जन-सुनवाई के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रवि कुमार ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान की। सुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, कानून-व्यवस्था तथा आमजन से जुड़ी प्रशासनिक समस्याओं के मामले सामने आए। एसडीपीओ रवि कुमार ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को लंबित और जटिल मामलों के त्वरित समाधान के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उचित कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों में प्रशासन के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस तरह की जन-सुनवाई से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है। गौरतलब है कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अंचल, अनुमंडल एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में नियमित रूप से जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। अरेराज अनुमंडल में प्रशासन की इस सक्रिय पहल से लोगों का भरोसा व्यवस्था पर और मजबूत हुआ है।

## हरैया के तुमरिया टोला में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, एफएसएल टीम को सूचना



बीएनएम @रक्सौल

**रक्सौल।** हरैया थाना क्षेत्र के तुमरिया टोला में सोमवार को एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार महिला का शव गांव के सरेह में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी सूचना दी गई है, ताकि घटनास्थल एवं शव की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मामला पूरी तरह आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी है। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर किसी प्रकार के संघर्ष या हिंसा के स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस परिवार के सदस्यों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि महिला के पारिवारिक, मानसिक या अन्य संभावित कारणों की जानकारी मिल सके। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## बीमा सुविधा प्राप्त मरीजों की जेब पर भी दबाव

बीमा आधारित स्वास्थ्य देखभाल का मॉडल कुल मिलाकर आम जन को कितनी राहत दे पा रहा है? या आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं असल में प्राइवेट अस्पतालों को सार्वजनिक धन ट्रांसफर करने का माध्यम बनी हुई हैं? स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति के बारे में नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) से सामने आए कई तथ्य चिंताजनक हैं। 2017-18 में एनएसएस के 75वें दौर के सर्वे में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया गया था। जनवरी- दिसंबर 2025 में हुए 80वें फिर ऐसा हुआ। यानी ताजा निष्कर्षों से लगभग सात वर्षों में आए बदलावों का अंदाजा लगा है। इसके मुताबिक देश में बीमा करवेज बढ़ा है, मगर अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने की दर लगभग जस की तस है। दूसरी तरफ अस्पताल में भर्ती मरीजों के अपनी जेब से खर्च करने की दर बढ़ी है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कई प्रकार की जांच अस्पताल से बाहर करवानी पड़ती है। साथ ही कई दवाएं खुद खरीदनी पड़ती है। इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो रहा हो, तो यह खर्च और बढ़ जाता है। ग्रामीण इलाकों में बीमा कवरेज 14.1 से बढ़ कर 47.4 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 19.1 से 44.3 प्रतिशत हो गया है। इस वृद्धि का प्रमुख कारण आयुष्मान भारत या राज्य सरकारों की बीमा योजनाएं हैं। इसके अलावा एनएसएस में ईएसआईएस और सीजीएचएस की सुविधा प्राप्त सरकारी कर्मचारियों को भी बीमा कवरेज प्राप्त लोगों में गिना गया, जिससे कवरेज का दायरा अधिक फैला हुआ नजर आता है। बहरहाल, ध्यान खींचने वाली बात यह है कि बीमा सुविधा प्राप्त मरीजों की जेब पर भी दबाव बना हुआ है। तो सवाल है कि बीमा कवरेज आधारित स्वास्थ्य देखभाल का मॉडल कुल मिलाकर आम जन को कितनी राहत दे पा रहा है? या आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं असल में प्राइवेट अस्पतालों को सार्वजनिक धन ट्रांसफर करने का माध्यम बनी हुई हैं? प्राइवेट अस्पताल अधिकतम मुनाफा कमाने से नजरिए से चलते हैं, जहां कोशिश बीमा योजना के तहत अधिकतम संभव रकम झटक लेने पर होता है। आम तौर पर होने वाले ऐसे तजुर्बों की पुष्टि एनएसएस ने की है। अतः स्वास्थ्य देखभाल के वर्तमान ढांचे पर समग्र पुनर्विचार की जरूरत है। मुद्दा यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र में सबको स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के अलावा क्या कोई कारगर विकल्प मौजूद है? स्पष्टतः अब प्राथमिकता बीमा योजनाएं नहीं, बल्कि सरकारी अस्पताल बनवाना होना चाहिए।

## क्या राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ देश भर में आपातकाल जैसा आंदोलन खड़ा करना चाहते हैं ?

तनवीर जाफ़री

अजय दीक्षित
राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को गद्दार कह कर सारी मर्यादा तोड़ दी ये बीस मई की बात है।
राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपातकाल जैसा माहौल बनाना चाहते हैं जब सम्पूर्ण विपक्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री मति इंदिरा गांधी के खिलाफ उठ खड़ा हुआ था। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोकप्रियता में चरम पर है।अब तो विधानसभा चुनाव में मोदी को गारंटी चलने लगी है।

देश में गर्मी के साथ राजनीतिक माहौल भी गर्म है क्योंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोप्रतिदिन अनाप शनाप बोल रहे हैं। हालत इतने खराब हैं कि इटली की प्रधानमंत्री श्रीमती मैलोडी को भारती ब्रांड चॉकलेट मेलोडी देने को राहुल गांधी ने कहा कि मोदी चॉकलेट खा रहे हैं और भारत में नीट परीक्षा का पेपर लीक हो ने पर 22 लाख परीक्षार्थियों अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं। राहुल गांधी ने पिछले एक साल में मोदी को बेईमान, एपिसटिन फाइल तक के आरोप जड़ दिये जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब नहीं दे रहे हां भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबेंदु अधिकारी, पियूष गोयल, जेपी नड्डा, निशिकांत दुबे आदि ने सदन में और बाहर भी मोदी के पक्ष में राहुल गांधी को लताड़ा है।राहुल गांधी की तर्ज पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी तक कहा है। लेकिन कहावत वही है कि हाथी चलता रहता है कुत्ते भोंकते रहते हैं। भारत में जैसे जैसे मोदी का कार्यकाल बढ़ता जा रहा है वैसे बैसे विपक्ष का धैर्य टूटता जा रहा है।

पश्चिम बंगाल,असम,में भारतीय जनता पार्टी की जीत ने आग में घी का काम किया है। विपक्ष, इंडी एलायंस को लगता है कि 2029 में मोदी को सत्ता से बाहर नहीं कर पाए तो अस्तित्व समाप्त हो जाएगा ।इस लिए विपक्ष, इंडी एलायंस मोदी की राह में कांटे बिछा रहा है।कुछ ममता बनर्जी से उम्मीद थी मोदी का अश्मेघ को रोक ले गी लेकिन हुआ उल्टा ममता बनर्जी का बंगाल किला भी धय गया। असम से मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा राहुल गांधी को मुंह चिड़ा रहे हैं।

हरियाणा दिल्ली महाराष्ट्र पश्चिमी बंगाल, बिहार, दिल्ली,असम विधानसभा चुनाव की हार ने विपक्ष, इंडी एलायंस,की चूल्हें हिला दी है। पश्चिमी बंगाल के विधानसभा चुनाव में सनातनी ध्रुवीकरण से विपक्ष अवाक रह गया है क्योंकि



अगर यह ध्रुवीकरण आगे बढ़ा तो पूरे देश में विपक्ष निरुत्तर हो सकता है। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, डीएमके के स्टालिन,सपा नेता अखिलेश यादव राजेडी तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री के खिलाफ बहुत मुखर हैं। लेकिन इन लोगों को कोई जय प्रकाश नारायण नहीं मिल रहा है जो संपूर्ण हिंदी पट्टी में मोदी के खिलाफ 1975 जैसा आंदोलन पैदा कर दे । न ही बैसा समय रहा ।आज सोशल मीडिया का दौर है।देश की आवादी 1975 कि तुलना में 64 के विरूद्ध 145 करोड़ हो गई है।

हालांकि राहुल गांधी निर्वाचन आयोग,एस, आई आर,चुनाव में धांधली के नाम पर पूरे विपक्ष को लेकर आंदोलन वह भी देश व्यापी करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस अभी उस स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ माहौल नहीं बना पायी है।

राहुल गांधी तो बढ़ते पेट्रोल, डीजल,गैस दामों के लिए मोदी को जिम्मेदार बनाते हैं। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में भारत के जहाज न निकलने को राहुल गांधी मुद्दा बनाकर चलना चाहते हैं। लेकिन वास्तविकता अलग है क्योंकि ईरान किसी देश टैंकर नहीं निकलने दे रहा है।राहुल गांधी गिरते रुपये के दामों के लिए भी मोदी की अर्थव्यवस्था को जिम्मेदार मानते हैं। राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपातकाल जैसा आंदोलन पैदा करना चाहते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मोदी को आतंकी कह कर संबोधित करना साजिश का परिणाम है। राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो पश्चिमी मीडिया को कहते हैं कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा रही है क्योंकि वे ऐसा कर पूरे विश्व बिरादरी को संदेश देते हैं बल्कि यह भी किया जाता है कि जो नॉर्वे में घटा जब एक स्थानीय पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी से यह पूछने की कोशिश की कि वे स्वतंत्र मीडिया से भारत में बात क्यों नहीं करते हैं। आनन फानन में नॉर्वे में विदेश मंत्रालय ने विशेष प्रेस ब्रीफिंग की । समझा जाता है कि इस प्रकरण में साजिश की बू आ रही है। राहुल गांधी ने
लन्दन में भारतीय संविधान को मोदी द्वारा चोट पहुंचाने की कोशिश की बात कही। वे चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते रहते हैं। टाईम्स, गार्जियन, न्यूयॉर्क टाइम्स,में इस प्रकार की खबरें प्रकाशित कराई गई है। राहुल गांधी ने विदेश यात्रा पर 60 करोड़ रुपए खर्च किया है।

इस खर्च का कोई ब्यौरा नहीं है क्योंकि कांग्रेस पार्टी के फंड से खर्च किया ।

नेता प्रतिपक्ष की बात करे तो अधिकांश समय ,1967 से यह पद अटल बिहारी वाजपेई के पास रहा 1977 से 1980 के बीच सी एम स्टीफ़न कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष रहे ।1998 से 2004 तक जब अटलजी प्रधानमंत्री बन गए थे तब यह पद सोनिया गांधी के पास रहा था 2014 से 2019 तक मल्लिकार्जुन खड़गे और 2019 से 2024 तक अधिरंजन चौधरी पास था अब राहुल गांधी है। अटल बिहारी वाजपेई जब नेता प्रतिपक्ष थे उस समय पर एक दो किताब भी लिखी गई है कि वह सरकार का पक्ष रखने विदेश भी गए थे। जवाहरलाल नेहरू, मति इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी वी नरसिंहराव से उनके कितने मधुर संबंध थे। लेकिन अब कटुता वातावरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी में जैसे कोई रंजिश है।

## संकट से सुरक्षा तक- छत्तीसगढ़ का बजटीय सुरक्षा कवच और भूमिहीनों का स्वर्णिम संबल

विष्णु प्रसाद वर्मा

एक संवेदनशील और दूरदर्शी सरकार की असली पहचान संकट के समय उसकी त्वरित तत्परता और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से होती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का हालिया बजट इसी लोक-कल्याणकारी सोच का जीवंत प्रमाण है। यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के विकास का एक ऐसा विज़न डॉक्यूमेंट है जहाँ एक तरफ प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों को बचाने के लिए करोड़ों का अभेद्य वित्तीय सुरक्षा कवच तैयार किया गया है, वहीं दूसरी तरफ भूमिहीन मजदूरों और ग्रामीणों को स्थायी आर्थिक संबल देने के लिए सरकार ने अपनी तिजोरी के द्वार खोल दिए हैं। आपदा प्रबंधन का त्रिपल-लेयर अभेद्य किला बाढ़, सूखा, और आकाशीय बिजली जैसी अनिश्चित प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को पूरी तरह निष्प्रभावी करने के लिए साय सरकार ने देश के सामने आपदा प्रबंधन का एक बेहतरीन और अत्याधुनिक मॉडल पेश किया है। सरकार ने इसके लिए तीन स्तरों पर भारी-भरकम फंड अलॉट कर सुरक्षा चक्र को मजबूत किया है। जिसमे राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 588 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्य तुरंत और बिना किसी वित्तीय बाधा के शुरू हो सकें।

राज्य आपदा शमन कोष के लिए 147 करोड़ रुपए का प्रावधान, जिसका मुख्य उद्देश्य आपदाओं के खतरों को पहले ही कम करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मजबूती शामिल है।

इस बजट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह राशि केवल आपदा के बाद राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका एक बड़ा हिस्सा पूर्व चेतावनी प्रणालियों को अत्याधुनिक बनाने में खर्च होगा। तकनीक के इस अपग्रेडेशन से छत्तीसगढ़ में अब किसी भी आपदा की सटीक जानकारी समय रहते मिल जाएगी, जिससे जान-माल का नुकसान शून्य करने के संकल्प को पूरा किया जा सके। यह कदम राज्य को आपदा प्रबंधन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में है।

भूमिहीनों को 10 हज़ार रुपए की सम्मान राशि और स्वामित्व का नया सवेरा इस बजट का सबसे संवेदनशील और मानवीय चेहरा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाली योजनाओं में दिखाई देता है। सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो बेहद महत्वाकांक्षी कदम उठाए हैं। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लिए सरकार ने 605 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट आरक्षित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के हर पात्र भूमिहीन मजदूर परिवार को प्रतिवर्ष 10 हज़ार रुपए की सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि न केवल गरीब परिवारों को सम्मान से जीने का हक देगी, बल्कि ग्रामीण बाजारों में तरलता बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की आंतरिक अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करेगी। स्वामित्व योजना ग्रामीण सशक्तीकरण के नए युग के रूप में देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए सरकार ने 10 लाख 50 हजार हितग्राहियों को उनकी जमीन और मकान का मालिकाना हक सौंपने का विशाल लक्ष्य रखा है। यह कदम ग्रामीण भारत से वर्षों पुराने संपत्ति विवादों को हमेशा के लिए खत्म कर देगा। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब गांव के लोग भी अपने घरों पर आसानी से बैंक लोन ले सकेंगे, जिससे स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे।

विज़न से हकीकत तक-सजग प्रशासन, सुदृढ़ छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के पास इस विकास यात्रा के लिए पुख्ता नीति, आधुनिक तकनीक और पर्याप्त फंड तीनों मौजूद हैं। बस्तर से लेकर सरगुजा के वनांचलों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार करने, ग्रामीणों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने और नवगठित जिलों के प्रशासनिक अमले को हाई-टेक प्रशिक्षण देने के लिए सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह बजटीय सुरक्षा कवच और कल्याणकारी संबल न केवल छत्तीसगढ़ के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ रहा है, बल्कि सुशासन की एक ऐसी नई इबारत लिख रहा है जो आने वाले समय में पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय रोल मॉडल साबित होगी। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक युगांतकारी और ठोस कदम है।

लेखक सहायक संचालकहैं




**मेष राशि** : आज का आपके लिए सार्थक रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ बढ़ेगी किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। आज जिगरी दोस्त की मदद से आपको कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आपको परिवार से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स को प्लैस्मन्ट के ऑफर आएंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। पूर्व नियोजित कार्य आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगा। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे। दोस्तों के साथ बेहतर दिन बीतेगा। आज सेहत बेहतर बनी रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कुछ नई योजना बना सकते हैं। आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको अपने सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज आपको बड़े फैसले लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपके खुशमिजाज स्वभाव से सामाजिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। परिवार के कुछ मामलों को आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर कमी करने की कोशिश करना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्त्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है7ऑफिस में काम की गति बढ़ेगी, इससे आपका काम समय से पूरा हो सकता है। किसी बात को लेकर भाई-बहन के साथ विचार करेंगे, किसी नये काम की योजना बना सकते है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ा बड़ा मौका आपके सामने आयेगा7 जिससे लाभ पाने में आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा7साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिलसकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## घटता विदेशी मुद्रा भंडार, भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता संकट

सनत जैन

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से "विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था" का प्रचार किया गया, उसके पीछे की वास्तविकता अब धीरे-धीरे सामने आने लगी है। शेयर बाजार को रिकॉर्ड स्तर पर, विदेशी निवेश और बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार को आर्थिक मजबूती का प्रतीक बताया गया था। अब वही संकेतक गंभीर संकट की ओर इशारा कर रहे हैं।

पिछले दस वर्षों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार में भारी निवेश किया, यह निवेश दीर्घकालिक औद्योगिक विकास की बजाय अल्पकालिक मुनाफाखोरी पर आधारित रहा। जब-जब वैश्विक परिस्थितियां अनुकूल रहीं, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से बड़ा लाभ कमाया। भारतीय शेयर बाजार का अपयोग सट्टा बजार के रुप में करके विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से भारी कमाई की है। शेयर बाजार में संकट आते ही भारी निकासी शुरू कर दी। पिछले दो वर्षों में ही लगभग 78 बिलियन डॉलर की निकासी यह साबित करती है, विदेशी निवेशक पूंजी भारत को स्थायी विकास में साझेदार नहीं, बल्कि लाभ कमाने का बाजार मानकर कमाई कर भारतीय पूंजी को विदेश तो जा रही थी। इसके विपरीत भारतीय संस्थागत निवेशकों—बैंक, बीमा कंपनियां और म्यूचुअल फंड—ने बाजार को संभालने के लिए लगातार शेयर बाजार में निवेश किया। इसका अर्थ यह है कि शेयर बाजार की वास्तविक मजबूती घरेलू निवेश पर टिकी हुई है। जबकि विदेशी निवेशकों ने निवेश निकालकर अस्थिरता को बढ़ाने का काम किया है।

स्थिति की गंभीरता केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं है। भारत का आयात, लगातार निर्यात से अधिक कई वर्षों से बना हुआ है। कच्चे तेल, गैस और उर्वरक जैसे आवश्यक उत्पादों के लिए भारत को भारी मात्रा में डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव, विशेषकर पश्चिम एशिया के संकट और अमेरिका-ईरान



टकराव ने ऊर्जा कीमतों को बढ़ाया है। दूसरी ओर डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। यदि रुपया 100 प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंचता है, तो आयातित महंगाई और भी भयावह हो जाएगी। चिंता का सबसे बड़ा विषय विदेशी मुद्रा भंडार है। जिस विदेशी मुद्रा भंडार को सरकार आर्थिक सुरक्षा कवच बताती रही है। उसकी वास्तविक स्थिति अब भारी दबाव में दिखाई दे रही है। रिजर्व बैंक रुपए को संभालने के लिए बाजार में डॉलर बेच रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है। यदि यही स्थिति जारी रही, तो भारत को भुगतान संतुलन संकट का सामना करना पड़ सकता है। 1991 के आर्थिक संकट की यादें फिर ताजा होने लगी हैं। उस समय भी आयात भुगतान और विदेशी मुद्रा की कमी सबसे बड़ी समस्या बनी थी।

एक अन्य गंभीर पहलू भारतीय पूंजी का विदेशों की ओर पलायन है। पिछले वर्षों में अनेक उद्योगपतियों और अरबपतियों ने विदेशों में निवेश बढ़ाया है। लाखों भारतीय नागरिकों ने विदेशी नागरिकता तक ली है। इससे यह संकेत मिलता है, देश का बड़ा पूंजी वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता को लेकर स्वयं आश्वस्त नहीं है। ऐसे समय में जब देश के भीतर निवेश और रोजगार सृजन की आवश्यकता है, तब बड़े औद्योगिक समूहों द्वारा अमेरिका एवं अन्य देशों में अरबों डॉलर का निवेश करना भारतीय अर्थ-व्यवस्था को लेकर कई प्रश्न खड़े करता है। सरकार की गलत आर्थिक नीति आलोचना के घेरे में आ गई है। केंद्र और राज्य सरकारों पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है। राजकोषीय घाटा नियंत्रण से बाहर जाता दिखाई दे रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा रिजर्व बैंक से लगातार भारी लाभांश लेना और बैंकों पर निर्भरता बढ़ाना, यह दर्शाता है, सरकार के पास संसाधनों का संकट गहराता जा रहा है। यह आशंका व्यक्त की जाने लगी है भारत "लेहमन ब्रदर्स" जैसी स्थिति में पहुंच सकता है। भारतीय वित्तीय संस्थाओं और बैंकों के आर्थिक संकेतकों में बढ़ती अस्थिरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी विशाल घरेलू बाजार, सेवा क्षेत्र और कृषि उत्पादन पर टिकी हुई है। यदि आयात पर नियंत्रण, पूंजी पलायन, बढ़ता कर्ज और कमजोर होती मुद्रा पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो आर्थिक मंदी और महंगाई का दोहरा संकट भारतीय अर्थव्यवस्था में गहरा सकता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# विराट ने युवा मुकुल चौधरी को मैच फिनिशिंग पर दिये टिप्स

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी को जरुरी सलाह दी है। विराट ने मुकेश को मैच में फिनिशिंग की कला सिखाते हुए कहा है कि केवल छक्के मारना ही सब कुछ नहीं है। असली कौशल कठिन हालातों में लक्ष्य का पीछा करना है। उन्होंने कहा कि दबावा के बीच पारी को नियंत्रित करना और अपनी टीम को जीत तक ले जाना सबसे महत्वपूर्ण है। मुकुल ने कहा है कि कोहली ने उन्हें सलाह दी कि सिर्फ छक्के मारना ही किसी बल्लेबाज को महान नहीं बनाता, क्योंकि आजकल कई युवा खिलाड़ी ऐसा आसानी से कर सकते हैं। विराट ने जोर देकर कहा कि असली कला दबाव में मैच समाप्त करना है, मुश्किल लक्ष्यों का पीछा करते समय शांत रहना, बढ़ते रन रेट को संभालना और विकेट गिरने के बावजूद टीम को जीत की ओर ले जाना ही किसी खिलाड़ी को विशिष्ट बनाता है। चौधरी ने कहा,




जब मैंने उनसे बात की, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हमारा मैच देखा था और देखा था कि मैंने मैच को कैसे समाप्त किया। उन्होंने कहा कि छक्के मारना अब कोई बड़ी बात नहीं है। इस पीढ़ी का हर युवा बल्लेबाज छक्का मार सकता है। विराट ने साथ ही कहा, असली बात यह है कि मैच को कैसे समाप्त किया जाए। जब कोई दबाव नहीं होता, तो कोई भी छक्का मार सकता है पर 170 या 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय, जब दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे हों और आवश्यक रन रेट लगातार बढ़ रहा हो, तब असली परीक्षा शुरू होती है।कोहली ने इस बल्लेबाज से कहा कि, अगर आप उस दबाव को संभालना, शांत रहना और पारी को नियंत्रित करना सीख जाते हैं, तो यही आपको एक बड़ा खिलाड़ी बनाता है। लगातार मैच समाप्त करना एक मुश्किल कौशल है। मुकेश का मानना है कि विराट की इस सलाह से उन्हें खासा लाभ होगा। यह सलाह मुकुल चौधरी के हालिया इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीज़न के प्रदर्शन को देखते हुए और भी प्रासंगिक हो जाती है। अपने पहले ही आईपीएल सत्र में इस युवा ने जिस प्रकार से दबाव में परिपक्वता दिखाते हुए कई प्रभावशाली छोटी पारियां खेली हैं , उससे वह बेहतर बल्लेबाज साबित हुए हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए कुल नौ मैच खेले हैं और 33.80 के शानदार औसत से 169 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रहा, जहां इस बल्लेबाज ने नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

## आईपीएल के 19वें सत्र में बुमराह के नाम दर्ज हुआ अनचाहा विश्व रिकार्ड

एजेंसी, मुम्बई

मुम्बई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का आईपीएल के 19 वे सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह केवल 4 विकेट ही ले पाये। सबसे हैरानी की बात ये रही कि उन्होंने एक विकेट के लिए 102 रन लुट दिये। इस प्रकार बुमराह के नाम इस सत्र में टी20 क्रिकेट इतिहास का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। उनके आंकड़े इतने हैरानी भरे रहे कि लग ही नहीं रहा था कि बुमराह गेंदबाजी कर रहे हैं। अपनी सटीक यॉर्कर और धीमी गेंदों के कारण बल्लेबाजों के विकेट लेने वाले बुमरार पर इस सत्र में जमकर चौके, छक्के लगे। सत्र में बुमराह ने कुल 13 मैच खेले और हैरान वाली बात यह रही कि वे केवल 4 विकेट ही ले पाए। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लीग के अंतिम मुकाबले में उन्हें आराम दिया गया था। सत्र के 13 मैचों में 4 विकेटों के लिए उन्होंने कुल 410 रन दे दिये। ये रन उन्होंने 294 गेंदों में दिए गए। यदि उनके एक विकेट पर खर्च



हुए रनों का औसत निकाला जाए, तो यह आंकड़ा हैरान कर देने वाला 102.5 रन प्रति विकेट आता है। टी20 क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी ऐसे गेंदबाज का सबसे खराब औसत है जिसने एक ही टूर्नामेंट में 40 या उससे अधिक ओवर फेंके हों। बुमराह ने इस सीजन में कुल 49 ओवर गेंदबाजी की थी। बुमराह टी20 विश्व कप 2024 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और टी20 विश्व कप 2026 फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच जैसे अवार्ड विजेता रहे हैं। ऐसे विश्व-स्तरीय प्रदर्शन के बाद आईपीएल में उनका उनके प्रदर्शन में गिरावट निराशा की बात है। इस खराब प्रदर्शन के पीछे के कारणों को मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने स्पष्ट किया है। उनके अनुसार, बुमराह के खराब फॉर्म का एक बड़ा कारण उनकी फिटनेस संबंधी दिक्कतें रही हैं। जयवर्धने ने बताया कि टी20 विश्व कप से वापस आने के बाद से ही बुमराह थोड़ी परेशानी से जूझ रहे थे, जिससे विश्व कप के दौरान भी उन्होंने खेला था। इसका सीधा असर टूर्नामेंट के दौरान उनकी लया और तेजी दोनों पर पड़ा, जिससे उनकी रफ्तार में कमी आई।

## आईपीएल में चीयरलीडर्स के साथ अभद्र व्यवहार से खेल की छवि को झटका

एजेंसी, लखनऊ

आईपीएल में यहां लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मैच में एक शर्मनाक वाकया भी देखने में आया है। । मैच के उत्साह के बीच, मैदान पर मौजूद चीयरलीडर्स के साथ अभद्र व्यवहार की घटना सामने आई, जिसने सभी स्तब्ध कर गये। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कुछ शरारती लोगों ने अपनी मोबाइल नंबर लिखी पर्चियां चीयरलीडर्स की ओर फेंकीं। शुरुआत में, पेशेवर गरिमा बनाए रखते हुए चीयरलीडर्स



ने इन हरकतों को नजरअंदाज किया पर जब हालत खराब हुए तो उन्होंने इसकी जानकारी सुरक्षाकर्मियों और पुलिस को दी। इस पूरी घटना से आयोजकों की मुश्किलें बढ़ गयीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, महिला पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया। न सिर्फ भीड़ में शामिल उन लोगों को समझाने की कोशिश की, बल्कि अभद्र व्यवहार करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी। गौरतलब है कि आईपीएल जैसे विश्व स्तरीय और प्रतिष्ठित खेल मंच पर इस तरह की घटनाएं निश्चित रूप से खेल की छवि को धक्का लगाती हैं। ये भारतीय खेल संस्कृति की छवि को भी कमजोर करती है। साथ ही दर्शकों के लिए भी सीख है कि उन्हें खेल के उत्साह में अपनी मर्यादा और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए। मैदान पर हुई इस अप्रिय घटना के बावजूद, क्रिकेट का खेल अपनी गति से आगे बढ़ता रहा और उसने दर्शकों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला पेश किया।

## जिम में डब्ल्यूडब्ल्यू ई रेसलरों की तरह भिड़े रिंकू और सिफर्ट

**एजेंसी, कोलकाता।** आईपीएल में खिलाड़ी दबाव कम करने के लिए कई तरह के तरीके अपनाते हैं। इसी तर्ज पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी डब्ल्यूडब्ल्यू ई जैसे मुकाबले करते दिखे। केकेआर टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह और विकेटकीपर टिम सिफर्ट जिम में ही डल्यूडब्लयूई रेसलरों की तरह भिड़ गये। इस दौरान रिंकू ने अपने साथी खिलाड़ी को दिग्गज रेसलर ब्रॉक लेसनर की तरह उठाकर पटक दिया। केकेआर द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में, दोनों खिलाड़ी पूरी मस्ती में एक-दूसरे को दबोचते और रेसलिंग करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वे वहां रखी एक बेंच पर गिर पड़े, जिसके बाद टीम के एक सहयोगी स्टाफ को उन्हें अलग करना पड़ा। खिलाड़ियों की यह मजेदार जुगलबंदी और हल्की-फुल्की नोकझोंक प्रशंसकों को भी मजेदार लगी। इससे अंदाजा होता है कि खिलाड़ी कि दबाव वाले मुकाबले से पहले टीम का माहौल किसी प्रकार से सकारात्मक बनाते हैं ।इस सीजन में केकेआर की शुरुआत भले ही धीमी रही हो पर टीम ने बीच सत्र में में शानदार वापसी की।

## प्लेऑफ के लिए वेंकटेश अय्यर को टीम में बनाए रखें आरसीबी : सहवाग

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल प्लेऑफ को लेकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से कहा है कि उसे अंतिम एकादश में वेंकटेश अय्यर बनाये रखना चाहिये। सहवाग के अनुसार फिल साल्ट की संभावित वापसी के बाद भी वेंकटेश को टीम को रखना लाभ दायक रकेगा। साथ ही कहा कि फार्म से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को बाहर रखा जा सकता है। सहवाग का मानना है कि अय्यर के हाल के अच्छे दमदार प्रदर्शन को



देखते हुए उन्हें बाहर करना सही नहीं है। सहवाग के अनुसार वेंकटेश ने सीमित अवसरों के बाद भी इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस आईपीएल सीज़न के 14 मैचों में उन्हें केवल चार बार बल्लेबाजी का मौका मिला, और ज्यादातर मौकों पर आरसीबी प्रबंधन ने उन्हें आपातकालीन स्थिति में मैदान पर उतारा। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मैच में जब आरसीबी 125 रन पर संघर्ष कर रही थी, ऐसे में इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर इस क्रिकेटर ने 15 गेंदों में तेजी से 29 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। इसके अलावा, उन्होंने दो और यादगार पारियां खेली हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ, कप्तान रजत पाटीदार के आउट होने के बाद, उन्हें फिर से कठिन हालातों स्थिति में नंबर चार पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला, जहां उन्होंने 40 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# बिजनेस

## भारत डर फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता, अर्थव्यवस्था मजबूत : सीतारमण

एजेंसी, मुंबई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच 3एफ-ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि घरेलू अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से आग्रह किया कि वे सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को भुगतान करने में 45 दिन की समय-सीमा से अधिक विलंब न करें।






केंद्रीय वित्त मंत्री महाराष्ट्र के मुंबई में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की 37वीं स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत डर फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता, हमें लोगों में विश्वास जगाने की जरूरत है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे डर फैलाने से बचें, इसके बजाय लोगों में विश्वास जगाने पर ध्यान केंद्रित करें। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की आर्थिक चुनौतियां मुख्य रूप से बाहरी प्रकृति की हैं, खासकर सोना, ईंधन और उर्वरक जैसे आयात के लिए विदेशी मुद्रा की जरूरतों के कारण। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो निराशावादी माहौल बनाना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत लगातार सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जबकि कई हाई-फ्रीक्वेंसी संकेतक लगातार औद्योगिक मांग और आर्थिक गति की ओर इशारा करते हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत की नीतिगत प्रतिक्रिया को घरेलू विकास को बनाए रखने के लिए संतुलित किया गया है, वित्त मंत्री ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से राजस्व पर 1 लाख करोड़ रुपये का असर पड़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के अलावा, उर्वरकों की कीमतें भी "अकल्पनीय" स्तर पर पहुंच गई हैं,जबकि सोने की ऊंची कीमतें बाहरी मोर्चे पर "कुछ चुनौतियां" पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि एमएसएमई के रुके हुए भुगतानों में फंसे 8.1 लाख करोड़ रुपये का मुद्दा उनकी कार्यशील पूंजी और विकास पर असर डाल रहा है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से आग्रह किया कि वे एमएसएमई को भुगतान करने के लिए 45 दिन की समय-सीमा का उल्लंघन न करें।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट की वजह से आज ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। वहीं एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,473.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,343.97 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 395.65 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,975.35 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला यशस्वी ज्वेलर्स का आईपीओ, दो जून को लिस्टिंग संभव

एजेंसी, नई दिल्ली

गोल्ड ज्वेलरी सेक्टर के लिए काम करने वाली कंपनी यशस्वी ज्वेलर्स का 43.88 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 मई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 मई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि एक जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर दो जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 83 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है।




इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,65,600 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 52,86,400 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 2,67,200 नए शेयर मार्केट मेकर के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.52 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 47.43 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है।

इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.05 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट हॉरिज़ॉन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। यशस्वी ज्वेलर्स की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 11.28 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 में उछल कर 18.28 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 200.93 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 297.76 करोड़ और वित्त वर्ष 2025-26 में छलांग लगा कर 449.74 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट, सोना और चांदी की कीमत में मामूली कमी

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार



में 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है।


## पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद के कारण कच्चे तेल में नरमी का रुख, मई में पहली बार 100 डॉलर से नीचे आई कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली** । पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के मसौदे पर काफी हद तक सहमत हो जाने की खबर के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आज बड़ी गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मई के महीने में पहली बार कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे आ गया है। ब्रेंट क्रूड ने आज 4.93 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट के साथ मई के महीने में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे जाकर 98.61 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। ट्रेडिंग शुरू होने के बाद इसकी कीमत उछल कर 99.47 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंची, लेकिन इसके बाद इसकी चाल में गिरावट का रुख बन गया। थोड़ी देर में ही ब्रेंट क्रूड गिर कर 97.40 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। भारतीय समय के अनुसार सुबह 10:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 5.61 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 97.93 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ब्रेंट क्रूड की तरह ही वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी आज 4.59 डॉलर प्रति बैरल की कमजोरी के साथ 92.01 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरूआती कारोबार में डब्ल्यूटीआई क्रूड उछल कर 92.55 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आया, लेकिन इसके बाद इसकी चाल में गिरावट आ गई।

## स्टॉक मार्केट में एनएफपी संपूर्ण फूड्स की निराशाजनक शुरुआत, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी, नई दिल्ली

ड्राई फ्रूट का कारोबार करने वाली कंपनी एनएफपी संपूर्ण फूड्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 0.91 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 54.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही कंपनी के शेयर बिकवाली के दबाव में गिर कर 51.80 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक आ गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 3.20 रुपये यानी



5.82 प्रतिशत का नुकसान हो गया। एनएफपी संपूर्ण फूड्स का 24.53 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 से 20 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.57 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन फुली सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 34 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.80 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 44.60 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है।

# श्रेयस तलपड़े-काजल अग्रवाल की फिल्म द इंडिया स्टोरी का ऐलान, रिलीज तारीख जारी

बॉलीवुड में सामाजिक विषयों पर आधारित कई फिल्में बन चुकी हैं। अब एक और रोमांचक, सामाजिक और राष्ट्रीय ड्रामा पर आधारित फिल्म द इंडिया स्टोरी का ऐलान किया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े और काजल अग्रवाल की नई जोड़ी पहली बार एक-दूसरे के साथ दिखाई देगी। चेट्टन डीके द्वारा निर्देशित और सागर बी शिंदे द्वारा निर्मित और लिखित यह फिल्म एक गंभीर मुद्दे को दिखाने का वादा करती है, जिसकी गूंज राष्ट्रीय स्तर पर है। फिल्म के पोस्टर में बॉम्बे हाई कोर्ट, और उसके बाहर एक कटघरे में खड़े गैस सिलेंडर का दृश्य प्रस्तुत गया है। निर्माता इस फिल्म के जरिए रसायनों के दुरुपयोग, कीटनाशक खेती और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके भयावह प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दे को जनता के सामने पेश करेंगे। हालांकि अन्य कास्टिंग के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई, 2026 को हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा के साथ सिनेमाघरों का रुख करेगी। गौरतलब है कि अपने विविध किरदारों के लिए पहचानी जानेवाली काजल अग्रवाल और बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रेयस तलपदे, इस फिल्म के ज़रिए पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। उनकी जोड़ी इस कहानी में भावनात्मक गहराई जोड़ने वाली है। इसके अलावा आज के दौर में जहां दर्शक कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं 'द इंडिया स्टोरी खुद को एक प्रासंगिक और प्रभावशाली फिल्म के रूप में पेश करती है। अपने मजबूत संदेश और दिलचस्प कहानी के साथ-साथ दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी यह फिल्म एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इन सबके साथ जहां एक तरफ फिल्म की प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाते हैं सह-निर्माता सुमित बागड़े, अनीता जाधव, विनायक सैदानी, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी का सहयोग, वहीं इसके तकनीकी पक्ष को और प्रभावशाली बनाते हैं डीओपी निशांत भगवत की सिनेमैटोग्राफी, मंगेश धाकड़े का संगीत, आशीष म्हात्रे की एडिटिंग, शकील आज़मी के गीत और अनमोल भावे का साउंड डिज़ाइन। यह फ़िल्म हिंदी के साथ तेलुगु और तमिल भाषा में भी रिलीज़ होगी। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा वर्ल्डवाइड रिलीज़ की जाएगी।





# सपने वर्सेस एवरीवन पर फिल्म बनाने की तैयारी

## सीरीज पर आया बड़ा अपडेट

द वायरल फीवर (टीवीएफ) की लोकप्रिय वेब सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन अपने दूसरे सीजन के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। 5 एपिसोड वाली इस सीरीज का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया गया है। ताजा अपडेट है कि सीरीज की जबरदस्त सफलता को देखने के बाद, टीवीएफ अभिनेता और अंबरीश वर्मा के साथ एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर काम कर रहा है। यह अपडेट बेशक सीरीज के फैंस को खुश कर देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, चर्चित सीरीज मिर्जापुर की तर्ज पर, निर्माता सपने वर्सेस एवरीवन पर फीचर फिलम बनाने का विचार कर रहे हैं। इस बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, अंबरीश वर्मा बड़े पर्दे के नए चहेते अभिनेता बनकर उभरे हैं। सपने वर्सेस एवरीवन 2 की सफलता के बाद, टीवीएफ अब इस सीरीज पर आधारित एक पूर्ण फीचर फिल्म बनाने की योजना बना रहा है, जिसमें अंबरीश मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे सीजन की सफलता के बाद, निर्माता इस फ्रैंचाइजी को और आगे बढ़ाने के लिए बेहद आशावादी नजर आ रहे हैं। अंबरीश की सहज उपस्थिति और शो की भावनात्मक रूप से गहराई से जुड़ी कहानी दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है। इस बीच, फिल्म बनाए जाने की संभावना ने फैंस को बेहद उत्साहित कर दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि निर्माता फीचर फिल्म बनाने की दिशा में आगे क्या फैसला लेते हैं।

निर्माता



# आधुनिक भारतीय महिला होने का अर्थ परफेक्ट होना नहीं : हुमा कुरैशी

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने शानदार अंदाज को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी चर्चा में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने अपना नया लुक साझा किया, जिसके साथ उन्होंने आधुनिक भारतीय महिला की पहचान और उसके आत्मविश्वास को लेकर दिल छू लेने वाली बात कही। प्रशंसक उनके विचारों की जमकर सराहना कर रहे हैं। हुमा कुरैशी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह ब्लैक रंग के बेहद आकर्षक वनपीस आउटफिट में नजर आईं। कान्स में उनके इस ग्लैमरस और आत्मविश्वास से भरे अंदाज ने सभी का ध्यान खींचा। हालांकि सिर्फ उनका लुक ही नहीं, बल्कि पोस्ट के साथ लिखा गया उनका संदेश भी लोगों को काफी प्रेरित कर रहा है। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उनके लिए आधुनिक भारतीय महिला होने का अर्थ परफेक्ट होना नहीं है, बल्कि अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहते हुए मेहनत के दम पर दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाना है। उन्होंने कहा कि असली खूबी खुद को बदले बिना आगे बढ़ने और अपनी पहचान कायम रखने में है। हुमा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी में आने वाली मुश्किलों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बनाना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हर महिला को अपने सपनों को खुलकर और पूरे आत्मविश्वास के साथ जीना चाहिए। अभिनेत्री के अनुसार जब कोई महिला जीवन में ऊंचे मुकाम तक पहुंचे, तो उसके भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि वह वहां केवल किस्मत से नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और संघर्ष के दम पर पहुंची है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को हमेशा सच्चाई, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ अपनी जिंदगी जीनी चाहिए। जीवन में आने वाले हर नए मोड़ को खास बनाना ही असली सफलता है। पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा, "फिर मिलेंगे कान्स में।" वर्क फ्रंट की बात करें तो हुमा कुरैशी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आने वाली हैं। यह एक पीरियड गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह 'एलिजाबेथ' नाम का अहम किरदार निभा रही हैं। गीतु मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में उनका लुक बेहद शाही और रहस्यमयी बताया जा रहा है। फिल्म की कहानी 1940 से 1970 के दशक के गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अपराध जगत, ड्रग तस्करी और सत्ता की लड़ाई को दिखाया जाएगा।

# पीटर विल्सन की फिल्म ऑब्सेस का ट्रेलर जारी

## खून-खराबा देख उड़ जाएंगे होश

बॉलीवुड में अंधाधुन और फोबिया जैसी पहले भी कई मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्में आई हैं। अब एक नई फिल्म ऑब्सेस रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें मुख्य किरदार पीटर विल्सन ने निभाया है। उनके साथ बिग बॉस 18 वाली ईशा सिंह भी मुख्य किरदार में हैं। 15 मई को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो खून-खराबा और भरपूर थ्रिल से भरपूर है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी पीटर ने संभाली है। ट्रेलर 1 मिनट 41 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत ईशा के आत्मविश्वासी और बेफिक्र किरदार से होती है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उनका सामना पीटर द्वारा निभाए गए क्रोधित और गहरे मनोवैज्ञानिक आघात से जूझ रहे एक परेशान व्यक्ति से होता है। देखते ही देखते दोनों की अप्रत्याशित मुलाकात सबकुछ बदलकर रख देती है। फिल्म का निर्माण जगराज मोशन पिक्चर्स द्वारा किया गया है। यह 29 मई को हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में रिलीज होगी।





# लंबे समय से मैं अलग किरदार की तलाश में थी: आकांक्षा पुरी

हाल ही रिलीज हुई वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस वेब सीरीज में अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने 'मीतू पंजाबी' नाम की एक महिला का किरदार निभाया है। सोशल मीडिया पर आकांक्षा के अभिनय की जमकर सराहना हो रही है। सीरीज में उनका किरदार पहले एक डांसर का होता है, जो बाद में पुलिस की मुखबिर बन जाती है। इस जटिल और भावनात्मक भूमिका को लेकर आकांक्षा पुरी ने खुलकर अपनी बात रखी है। आकांक्षा पुरी ने कहा कि वह लंबे समय से किसी अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार की तलाश में थीं और 'मीतू पंजाबी' ने उन्हें खुद को नए तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि यह किरदार निडर, मजबूत और भावनात्मक रूप से बेहद गहरा है। अभिनेत्री के मुताबिक इस भूमिका ने उन्हें अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका दिया और एक कलाकार के रूप में खुद के मजबूत पक्ष को पहचानने में मदद की। उन्होंने कहा कि 'मीतू पंजाबी' का किरदार निभाने के दौरान उन्हें कई तरह की भावनाओं से गुजरना पड़ा। इस भूमिका को वास्तविक बनाने के लिए किरदार की मानसिक स्थिति और भावनाओं को गहराई से समझना जरूरी था। आकांक्षा ने माना कि इस सीरीज ने उनके अभिनय करियर में एक नया अनुभव जोड़ा है और उन्हें खुद का नया रूप तलाशने का अवसर मिला। सीरीज में अभिनेता रणदीप हुडडा मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। आकांक्षा पुरी ने उनके साथ काम करने के अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि रणदीप हुड्डा हर सीन में पूरी ईमानदारी और सच्चाई के साथ अभिनय करते हैं। उनके साथ काम करते हुए खुद भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। अभिनेत्री ने कहा कि रणदीप अपने किरदार में पूरी तरह डूब जाते हैं, जिससे सामने वाले कलाकार को भी उसी ऊर्जा और गंभीरता के साथ अभिनय करना पड़ता है। वहीं सीरीज के निर्देशक नीरज पाठक ने भी रणदीप हुड्डा की मेहनत और समर्पण की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रणदीप के साथ काम करने के बाद अब उन्हें दूसरे कलाकारों से भी उसी स्तर की प्रतिबद्धता की उम्मीद रहने लगी है। बातचीत के दौरान नीरज पाठक ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को भी याद किया।

# बच्चों के दांतों की सफाई करते समय न करें ये 5 गलतियां, हो सकता है नुकसान





भा बच्चों की दांतों की सफाई करना एक जरूरी काम है, लेकिन कई बार माता-पिता कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बच्चों के दांतों को नुकसान पहुंच सकता है। इन गलतियों में टूथब्रश का गलत चयन, ब्रश करने का तरीका, फ्लोराइड का अधिक उपयोग और बच्चों को खुद ब्रश करने देना शामिल है। आइए आज हम आपको इन गलतियों के बारे में विस्तार से बताते हैं ताकि आप इनसे बच सकें और आपके बच्चों के दांत स्वस्थ रहें।

**सही टूथब्रश का चयन न करना**

बच्चों के लिए सही टूथब्रश का चयन करना बहुत जरूरी है। अक्सर माता-पिता बड़े आकार के ब्रश का उपयोग करते हैं, जो बच्चों के छोटे मुंह के लिए सही नहीं होता। इसके बजाय छोटे सिर वाले मुलायम बालों वाले ब्रश का चयन करें ताकि वे आसानी से हर कोने तक पहुंच सकें और बच्चों के दांतों को अच्छे से साफ कर सकें। इसके अलावा टूथब्रश की नोक को भी ध्यान में रखें। बच्चों को टूथब्रश करने का तरीका सिखाते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। कई बार माता-पिता जल्दी-जल्दी में बच्चों का ब्रश करा देते हैं या उन्हें खुद ब्रश करने देते हैं, जिससे वे सही तरीके से सफाई नहीं कर पाते। बच्चों को धीरे-धीरे और सही तरीके से ब्रश कराना चाहिए ताकि वे हर हिस्से तक पहुंच सकें और उनके सभी दांत साफ रहें। इसके अलावा बच्चों को ब्रश करते समय गुनगुनाने या कहानी सुनाने से भी मजा आता है। फ्लोराइड दांतों की सुरक्षा के लिए जरूरी होता है, लेकिन इसका अधिक उपयोग बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। अधिक फ्लोराइड से बच्चों को फ्लोराइड से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे दांतों में पीलापन आ सकता है या वे कमजोर हो सकते हैं। इसलिए हमेशा डॉक्टर की सलाह अनुसार ही फ्लोराइड का उपयोग करें और बच्चों को थोड़ी मात्रा में ही फ्लोराइड युक्त पेस्ट दें। इसके अलावा बच्चों को पानी से कुल्ला करने की आदत भी सिखाएं। बच्चों को खुद ब्रश करने देना अच्छा होता है, लेकिन अगर वे छोटे हों तो उन्हें खुद से ब्रश करने देना गलत हो सकता है। छोटे बच्चे सही तरीके से ब्रश नहीं कर पाते, जिससे उनके दांतों पर गंदगी रह जाती है। बेहतर होगा कि आप पहले खुद ब्रश करें और फिर उन्हें सिखाएं कि कैसे हर हिस्से तक पहुंचा जा सकता है। इसके बाद उन्हें खुद ब्रश करने दें ताकि वे सही तरीके से सफाई कर सकें।

## बिना निगले पानी से कुल्ला करना

**बच्चों को ब्रश करने के बाद पानी से कुल्ला करना सिखाना बहुत जरूरी है ताकि उनका मुंह साफ रहे और बैक्टीरिया दूर रहें। हालांकि, कई बार माता-पिता यह गलती कर देते हैं कि वे बच्चों को पानी निगलवा देते हैं, जिससे उनके पेट पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए हमेशा बच्चों को पानी निगलवाने से पहले उनका मुंह अच्छी तरह साफ कर लें और फिर उन्हें पानी पीने दें।**

# ये मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है ?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी के नामों को जोड़कर बनाया गया मजेदार 'मेलोडी' ट्रेंड में अब अभिनेत्री कृति खरबंदा भी शामिल हो गई हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री ने हाल ही में कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनकी ड्रेस का रंग मशहूर 'मेलोडी' टॉफी से मिलता-जुलता दिखाई दिया। इसके बाद अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में ऐसा कैप्शन लिखा जिसने इंटरनेट यूजर्स का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कृति खरबंदा ने तस्वीरों के साथ लिखा, "ये मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है?" अभिनेत्री का यह कैप्शन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। उनके प्रशंसकों ने पोस्ट पर जमकर प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में मजेदार टिप्पणियां भी देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने इसे मौजूदा ट्रेंड से जोड़ते हुए बेहद क्रिएटिव बताया। दरअसल, 'मेलोडी' शब्द इन दिनों सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के बीच होने वाली दोस्ताना बातचीत और हल्के-फुल्के पलों को लेकर काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। यह ट्रेंड उस समय और ज्यादा चर्चा में आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली यात्रा के दौरान जियोर्जिया मेलोनी को भारत की लोकप्रिय 'मेलोडी' टॉफी उपहार में दी थी। इस खास तोहफे को लेकर जियोर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया था और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो सामने आने के बाद इंटरनेट पर 'मेलोडी' ट्रेंड तेजी से फैल गया और लोगों ने इसे लेकर कई मीम्स और मजेदार पोस्ट बनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे भारत और इटली के बीच मजबूत होते कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों देशों के नेताओं की सहज बातचीत और दोस्ताना व्यवहार को लोगों ने काफी पसंद किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति खरबंदा हाल ही में हाउसफुल 5 में नजर आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेष देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और नाना पाटेकर समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए हैं।

# ECL Issues 103 Appointment Letters Under Welfare and R&R Schemes

**DB Reporter**

**Sanktoria :** Reinforcing its commitment to employee welfare and inclusive community development, Eastern Coalfields Limited distributed appointment letters to 103 candidates during a special ceremony held at Dishergarh Club, Jhalbagan, at the company headquarters on Sunday.



Of the total appointments, 78 candidates were recruited under the dependent employment scheme as per the provisions of the National Coal Wage Agreement (NCWA), while 25 candidates received employment under ECL's Rehabilitation and Resettlement (R&R) Policy. The initiative reflects the company's continued efforts to support families of deceased employees and provide sustainable livelihood opportunities to project-affected persons and local communities.The appointment letters were handed over in the presence of senior company officials, including Satish Jha, Mohd Anjar Alam, Gunjan Kumar Sinha and Girish Gopinathan Nair. Addressing the newly appointed candidates, the dignitaries encouraged them to uphold the values of dedication, integrity and professional excellence in their careers.

Several department heads, human resource managers and company officials also attended the programme and extended their best wishes to the recruits.ECL stated that providing dependent employment under the NCWA remains a vital component of its employee welfare framework.

# India, Russia hold high-level Army talks to bolster military cooperation




**New Delhi, Agency:** Indian Army and Russian forces have held discussions to further deepen their military partnership at the 5th sub-working group (land) meeting.

Sharing details on X on Saturday, Indian Army said the "meeting under the India-Russia Inter Governmental Commission (IRIGC) on military and military technical cooperation concluded successfully, marking another significant milestone in strengthening defence ties between the Indian Army and the Russian land forces".

The post added, "Both sides held productive deliberations aimed at enhancing mutual learning, operational synergy and bilateral military capabilities, further reinforcing the longstanding India-Russia defence partnership." As per Additional Directorate General of Public Information (ADGPI), the delegation also visited Shatrujeet Brigade to explore additional avenues of defence cooperation.

During his visit to India earlier this month, Russian foreign minister Sergey Lavrov had revealed that Moscow and New Delhi have engaged in "detailed discussions" spanning the high-stakes sectors of defence manufacturing, space exploration and fertiliser cooperation. He also confirmed that the roadmap for future collaboration includes joint production of weapons and greater collaboration in space sector. A pact allowing India and Russia to station 3,000 troops and a limited number of naval ships and aircraft in each other's territory has already come into effect since Jan 12 this year.



# 2 days after 'deal' with Centre, Ladakh representative says nothing final so far

**Srinagar, Agency:** Two days after claiming that the Centre had in principle agreed to grant Ladakh Union Territory a legislative assembly, a CM and constitutional safeguards similar to Article 371, a key Ladakh representative Sunday said "no final agreement or concrete outcome has been reached as yet".

"Discussions are still underway," Kargil Democratic Alliance (KDA) co-chairman Sajjad Kargili said in a statement. "We had shared our draft proposals demanding statehood and sixth schedule safeguards, and the govt has now responded with certain suggestions.

It is expected to come up with a formal draft before the next meeting," said Kargili, who was part of Friday's talks held in New Delhi with a Union home ministry sub-committee.

# Teen dies after zipline cable snaps at Agra amusement facility

**New Delhi, Agency:** A 16-year-old boy died after a zipline cable snapped at an amusement facility here, causing him to fall nearly 45 feet, police said on Monday.



The incident occurred around 6 pm Sunday at a recreational site in the Tajganj area, where Kunal Agrawal had gone with his family for an outing, police said. Kunal, son of Firozabad-based bangle trader Pankaj Agrawal, was on the zipline ride when the cable allegedly snapped midway, causing him to fall to the ground from a considerable height, officials said. Additional Deputy Commissioner of Police Himanshu Gaurav said police rushed to the spot after receiving information about the incident.

# 'Daily assault of fuel loot not over yet': Congress slams Modi govt for fourth hike in 10 days

**New Delhi, Agency:** Congress president Mallikarjun Kharge on Monday slammed the PM Modi-led Centre over the recent increase in petrol and diesel prices, alleging that the government was burdening common people despite stable international crude oil prices.





In a post on X, Kharge said, "The Daily Assault of FUEL LOOT is not over yet! 4th hike in 10 days !!"

He claimed that petrol prices had risen by Rs 7.35 per litre and diesel prices by Rs 7.53 per litre in recent weeks.

"Modi Govt has sprinkled Petrol to Burn the Savings of common people," Kharge said. Targeting the BJP-led government over fuel pricing, the Congress chief said, "Between 2004 and 2014, during the UPA, international crude oil prices increased by 175.34%. During Modi Govt, not even a single cent of international crude oil prices have increased." "Despite that Modi Govt. has hiked the petrol prices from Rs 71.41 per litre in 2014 to Rs 102.12 per litre in 2026, a rise of 43.01%, and diesel prices from Rs 56.71 per litre to Rs 95.20 per litre, an increase of 67.87%," he added.

# How a con woman used sharia law to dupe investors of Rs 6,000 crore

**New Delhi, Agency:** ED has come across a case where the prime targets of a scam were Muslims following sharia law, which prohibits earning interest on investments. The perpetrators targeted unsuspecting persons with a promise of profits of up to 36% per annum on their investment, and within a few years collected over Rs 6,000 crore.



The scam was masterminded by a woman, Nowhera Shaik, based out of Hyderabad. She was arrested last week at a hotel in Gurgaon, after being on the run for more than a month after Supreme Court cancelled her bail and asked her to surrender.

The con woman even tricked the courts and enforcement agencies several times. She even tried to mislead SC, saying she had surrendered before the Hyderabad police but they had refused to take her into custody.

# Rahul's 'govt will fall' remark hints at conspiracy: Piyush Goyal



**New Delhi, Agency:** BJP said Sunday that Rahul Gandhi's reported comment at a Congress event that govt will fall within a year is a no ordinary statement but a pointer to the conspiracy to stoke anarchy and destabilise the country.

Several BJP functionaries launched a coordinated attack on the Congress MP, with Union minister Piyush Goyal saying Rahul and his associates have realised that they cannot defeat BJP in a democratic contest and so they now want to spread violence in the country. Their hatred against India runs so deep that they simply cannot bear to witness anything positive happening in the country, he alleged.

"People of this country are discerning. They fully understand the true nature of Rahul Gandhi, the opposition, and the toolkit gang that is working against the national interest. People have repeatedly given them a befitting reply. The INDI alliance's conspiracy to set India on fire will never succeed," Goyal added.

BJP spokesperson Sambit Patra alleged that Rahul's remarks made it clear that he was pursuing a "foreign agenda" at the behest of his "masters" like George Soros and foreign companies that fund his overseas travel, with an intent to end democracy in India. He said that India is progressing under PM Narendra Modi even as several countries are facing problems due to ongoing conflicts in different parts of the world.

# Assam Assembly introduces UCC Bill after Gujarat, Uttarakhand

**New Delhi, Agency:** The Assam Assembly on Monday introduced the Uniform Civil Code (UCC) Bill in a bid to ban polygamy and make registration of live-in relationships compulsory. The move comes nearly two weeks after the state cabinet approved the Bill.



Parliamentary Affairs Minister Atul Bora tabled "The Uniform Civil Code, Assam, Bill, 2026" in the Assembly. The Bill is expected to be taken up for discussion and passage on May 27.

Earlier on May 13, after the first cabinet meeting of the second term of Chief Minister Himanta Biswa Sarma, the state government announced that the legislation would be introduced during the ongoing Assembly session from May 21 to 26.

Announcing the cabinet decisions, CM Sarma had said, "The State Cabinet approved the draft Bill on the Uniform Civil Code, which will be introduced on the final day of the Assam Legislative Assembly session."

Scheduled Tribes (Hills) and Scheduled Tribes (Plain) will remain outside the purview of the UCC. Traditional religious customs, practices and rituals will also be exempted.

The proposed Uniform Civil Code will mainly cover four subjects - minimum age of marriage, prohibition of polygamy, equal rights for daughters in parental property and matters relating to live-in relationships.

"The Bill aims to consolidate and simplify laws governing marriage, divorce, succession, and live-in relationships," Sarma said in the 'Statement of Object and Reasons' in the Bill.

The Opposition parties, including Congress, Raijor Dal and Trinamool Congress, opposed the move and demanded wider consultation with all the stakeholders before its introduction. For marriage, the Bill sets 21 years and 18 years as minimum ages for men and women respectively, and prohibits polygamy, he added.

"For the first time, Bill provides a legal framework for live-in relationships. By requiring registration, the law ensures that the rights of partners - and any children born from such unions - are formally recognised and protected," the CM said in the Bill.

The Gujarat assembly had in March passed the UCC Bill that seeks to put in place a common legal framework to govern marriage, divorce, succession and live-in relationships irrespective of religion.

The Uniform Civil Code of Uttarakhand is a comprehensive legal framework that unifies personal laws across religions.